इंदौर
शुक्रवार
13 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 149

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

पाकिस्तानी सेना के कैम्प पर पुलवामा स्टाइल का हमला

जोरदार धमाके से 5 सैनिकों समेत 8 की मौत

इस्लामाबाद ● एजेंसी

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मस्तुंग जिले के कनक इलाके में बलूच विद्रोहियों ने सेना के एक चेक पॉइंट को निशाना बनाकर फिदायीन हमला किया। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर कंदवाह चेक पोस्ट के बाहरी हिस्से से लड़ाकर बड़ा धमाका किया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इस हमले में कम से कम पांच पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों और तीन आम नागरिकों की मौत हुई है। मरने वाले नागरिकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। सुरक्षाबलों ने हमलावरों को अंदर घुसने



से रोक दिया। जवाबी कार्रवाई में तीन विद्रोही मारे गए। ये हमला भारत में 2019 के पुलवामा हमले से मिलता जुलता है। तब भी हमलावर ने सुरक्षाबलों की बस के करीब ले जाकर विस्फोटकों से भरी कार को उड़ा दिया था।



आज से छठ महापर्व

40 लाख लोग बिहार लौटे

40 हजार पार पहुंचा प्लेन किराया

शुक्रवार ● एजेंसी

लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना करेंगे। इसकी शुरुआत नहाय-खाय से होगी और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इसका समापन होगा। यह पर्व बिहार, उत्तरप्रदेश में महापर्व के रूप में मनाया जाता है देश के विभिन्न राज्यों से करीब 40 लाख लोग बिहार लौट चुके हैं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। भारी भीड़ के कारण प्लेन, ट्रेन और बसों का किराया दोगुना हो गया। प्लेन का किराया 40 हजार पार तक पहुंच गया। इस पर्व के लिए उत्तप्रदेश, बिहार से लेकर दिल्ली तक घाट सज गए हैं और घाटों पर छठ की छटा नजर आने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

छठ पर्व के बहाने नीतीश को साथ लाने में जुटीं लालू की बेटी

पटना.एजेंसी। बिहार में एक ओर छठ महापर्व का उल्लास है तो दूसरी ओर सियासी कयासबाजियों का पारा भी चढ़ने लगा है। लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना चाचा बताते हुए उनके घर खरना का प्रसाद खाने जाने की बात कही है। रोहिणी आचार्या ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए सभी विपक्षी दलों को मतभेद भुलाकर एक साथ आ जाना चाहिए। रोहिणी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब राजद विधायक भाई वीरेंद्र बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव होने का दावा कर चुके हैं।



जेन्सन हुआंग का तीसरी महिला से भी था अफेयर

वॉशिंगटन.एजेंसी। एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेन्सेन हुआंग के निजी रिश्तों को लेकर एक और खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, हुआंग का कंपनी की एक अन्य कर्मचारी के साथ भी अंतरंग संबंध था। मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने इसकी पुष्टि की है। यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब एलिस हुआंग और एनवीडिया की हेल्थकेयर वाइस प्रेसिडेंट किम्बर्ली पॉवेल के साथ उनके कथित विवाहेतर संबंधों की खबरों के बाद जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को कंपनी से इस्तीफा दे दिया।

सिखों ने जलाई सोनिया की किताब

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली में सिख संगठनों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' की प्रतियां जलाईं। यह विरोध प्रदर्शन किताब में 1984 के सिख विरोधी दंगों के



उल्लेख और कथित तौर पर इतिहास को सही साबित करने के प्रयासों के खिलाफ किया गया था। इस दौरान सभी ने सोनिया गांधी के खिलाफ नारे भी लगाए।

बागेश्वर धाम पर आज तालाबंदी करेगी यादव महासभा

खजुराहो.एजेंसी। बागेश्वर धाम को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कथित बयान के विरोध में यादव महासभा ने आज प्रदर्शन और धाम में तालाबंदी की चेतावनी दी है। इसके विरोध में गढ़ा गांव के स्थानीय निवासी और धीरेंद्र शास्त्री के समर्थक मुख्य गेट पर जुटकर तालाबंदी का विरोध करेंगे।

लिफ्ट लगाने के रास्ते से तनिष्क शोरूम में घुसा चोर, करोड़ों के गहने पार

मदुरै.एजेंसी। तमिलनाडु के मदुरै में तनिष्क के नए शोरूम से करोड़ों के गहने चोरी हो गए। चोर लिफ्ट लगाने के लिए छोड़े गए खुले हिस्से से रस्सी के सहारे शोरूम के अंदर उतरा। जब शोरूम के कर्मचारी सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान में सोने और हीरे के गहने गायब मिले। दुकान में रखे करोड़ों के गहने गायब हो गए। सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश शख्स दिखाई दिया, जिसने काले कपड़े पहन रखे थे।

शेयर बाजार लुढ़का

मुंबई.एजेंसी। शेयर बाजार में बीते 10 दिनों की तेजी के बाद आज शेयर बाजार लुढ़क गया। सेंसेक्स 537 अंकों की गिरावट के साथ 81,373 के स्तर पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी करीब 200 अंक टूटकर 25,100 पर आ गया।

मुंबई में पटाखों से 450 जगह लगी आग

मुंबईएजेंसी। मुंबई में दिवाली के दौरान पिछले सात दिनों में 630 से अधिक आग लगने की घटनाएं हुईं, जिनमें से 450 से ज्यादा पटाखों के कारण थीं। इन हादसों में आठ लोग घायल हुए और दो की मौत हुई।

पेड़ से नोट बरसाने लगा वानर

शिमला.एजेंसी। शिमला के डीसी ऑफिस परिसर में बंदर एक व्यक्ति की जेब से 81,800 रुपये लेकर पेड़ पर चढ़ गया और नोट नीचे फेंकने लगा। करीब 1,500 रुपये का हिसाब नहीं मिला और 500 के कुछ नोट फट गए।



महाकाल की भस्म आरती में पहुंचे सुरेश रैना

उज्जैन.एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर रहे सुरेश रैना आज तड़के उज्जैन पहुंचे। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। रैना तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप करते रहे।

वांगचुक नजरबंद

लेह.एजेंसी। क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के बाहर भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। पुलिस उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दे रही है। वांगचुक और लद्दाख के संगठन 4 दिसंबर को होने वाले पहाड़ी परिषद चुनाव को सर्दियों में कराने का विरोध कर रहे हैं। पुलिस ने एक दिन पहले ही वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया था। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके घर लेकर गई थी।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के घर पहुंचे मोहन यादव

शुक्रवार.एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उत्तराखंड के खटीमा पहुंचे। यहां उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान वे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी के घर पहुंचे। यहीं उन्होंने लंच किया। धामी की माताजी ने मोहन यादव को पहाड़ी टोपी पहनाई और उन्हें धान-अचार तथा पंचमुखी हनुमान की तस्वीर भेंट की।

कांग्रेस आज शाम अहिल्या प्रतिमा पर बजाएगी झांझ-मजीरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस का आरोप, सफाई में इन्दौर की पहचान डुबोई, निगम की व्यवस्था चरमराई, सोए राजनेता और अधिकारी को जगाने के लिए आयोजन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम अभी तक तो लगातार स्वच्छता में नम्बर-1 बना हुआ था। इन्दौर नगर निगम की व्यवस्थों चरमरा रही है इसी कारण इन्दौर शहर को सफाई में नम्बर-1का ताज नहीं मिला। इंदौर की पहचान डुबों देने के विरोध में कांग्रेस आज शाम 5 बजे राजबाडा पर झांझ मजीरे बजाएंगी और इस प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा की सोई हुई निगम परिषद को जगाने की कोशिश की जाएगी। चौकसे ने कहा कि आठ वर्षों तक स्वच्छता में देश का सिरमौर रहा इंदौर आज अपनी नंबर-1 की पहचान खो चुका है। लापरवाही में जनता के वोट से जीते जनप्रतिनिधि माहिर हो चुके है, निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण इन्दौर की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई है। निगम परिषद से जुडे नेता नींद में सोए है, लापरवाह हो चुके है, इसी कारण कांग्रेस को आज झांझ मजीरे बजाकर प्रदर्शन करना पड़ेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बयान में कहा कि इन्दौर टूटी सडक और गड्ढों में नम्बर-1 बना हुआ है।वहीं जहरीले पानी की समस्या में नंबर 1, घोटालों और भ्रष्टाचार में नंबर-1, गंदगी और कचरे में नंबर 1 तथा बदहाल सीवरेज व्यवस्था में नंबर-1 है । स्वच्छता में नंबर-1 का ताज गंवाने और शहर की बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में कांग्रेस झांझ-मंजीरे बजाकर सोए हुए महापौर को जगाने का प्रयास करेगी। उक्त पूर्ण जानकारी चिंटू चौकसे द्वारा दी गई।

भाजपा नेताओं की भोपाल में वरिष्ठों से मुलाकात चर्चा में बनी







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधायक गौड़, पटेल, पूर्व विधायक गुप्ता, सोनकर, एकलव्य के साथ गौरव रणदिवे पहुंचे और की चर्चा

भाजपा का एक गुट दीपावली मिलन के लिए भोपाल पहुंचा, जिसे राजनीतिक रूप भी दूसरे गुट ने दिया है। पहले से गौरव रणदिवे सावन सोनकर, मनोज पटेल और एकलव्यसिंह गौड़ की जोड़ी राजनीतिक रूप से चर्चा में बनी हुई है और कल जब भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर तिवारी से इंदौर के दो विधायक, एक पूर्व विधायक सहित अन्य ने मुलाकात की तो यह दिवाली मिलन की मुलाकात राजनीतिक रूप से चर्चा में बन गई। कल इंदौर से भोपाल पहुंचे विधायक मालिनी गौड़, मनोज पटेल, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, निगम अध्यक्ष सावन सोनकर, एकलव्यसिंह गौड़ ने भोपाल में प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव रणदिवे के साथ अलग-अलग नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री से मुलाकात पर दूसरे गुट की निगाह भी लगी रही और जैसे ही यह मुलाकात हुई और चित्र व समाचार बाहर आए वैसे ही भाजपा के सोशल मीडिया पर भी यह सबकुछ चर्चा में आ गया। इस खेमे ने सबसे ज्यादा चर्चा नरेन्द्रसिंह तोमर से की, उसके बाद चन्द्रशेखर तिवारी से भी बातें हुई, मुख्यमंत्री से जरूर कम चर्चा हुई। कुछ समय से यह खेमा एक साथ नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री दे रहे हैं लाडली बहनों को सौगात

शुक्रवार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आज लाडली बहनों को शिवपुरी जिले के पिछोर से लाडली बहना योजना की सौगात दे रहे है। 1.24 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1,831 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित कर रहे है। प्रदेश के सभी जिलों में आज बहनों के बैंक खातों में यह सौगात पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अलावा शिवपुरी जिले में 221 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे।

भाजपा के दावेदार रहे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की सूची के प्रकाशन के दौरान मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



विधानसभा एक के वार्ड 2 मुस्लिम बाहुल्य चंदन नगर और आसपास के क्षेत्रों के लिए कल से इस वार्ड में मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ। इस मामले में भाजपा की ओर से इस वार्ड में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी होने के कारण निगम चुनाव में दावेदारी कर रहे सदाकत कुरैशी कल बीएलओ की मौजूदगी में मतदाता सूची का अवलोकन किया। बीएलओ साजिद अली, उस्मान शेख, रजिया, इसहाक कुरैशी, इसहाक खान सहित अन्य भी मौजूद थे। कुरैशी ने मतदाता सूची के प्रकाशन पर संतोष प्रकट किया और बीएलओ के कार्य की प्रशंसा की।

कांग्रेस नेताओं का स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर कांग्रेस में महामंत्री बनने पर विकास जोशी और ग्रामीण क्षेत्र में युवक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर गजेन्द्रसिंह राठौड़ के स्वागत का आयोजन टॉवर चौराहा क्षेत्र में किया गया। अखिलेश त्रिपाठी, राजू बिजोरिया, भगवानदास राठौर, मनोहरसिंह तोमर, संजय राजपूत आदि उपस्थित थे।

संजय जोशी भोपाल पहुंचे तो वहां किया इंदौरियों ने स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के राष्ट्रीय नेता पूर्व महासचिव संजय जोशी के भोपाल प्रवास पर इंदौर से जुड़े भाजपा नेता सुनील पुरोहित, किशोर यादव, कांतिलाल पाटीदार, नरेन्द्र ठाकुर, अनारसिंह लोधी, सुदीप पाठक ने भेंट कर स्वागत किया। पुरोहित ने पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, पूर्व सांसद आलोक संजर से भी भेंट की।



सफाई मित्रों का सम्मान कर दिया उपहार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-2 स्थित मंगल गार्डन परिसर में भाजपा नेता जीतू चौधरी मित्र मंडल के नेतृत्व में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वार्ड 20 के सफाई मित्रों को सम्मानित करने के साथ उन्हें उपहार और मिठाई भी दी गई। देपालपुर दूसरे स्थान पर रहा। वहीं इंदौर को 'इंस्पायरिंग सिटी' का दर्जा भी मिला है।इसी उपलब्धि पर जीतू चौधरी ने यह सम्मान का आयोजन रखा। जीतू चौधरी, राजेन्द्र राठौर, महेन्द्र चौधरी, रोहित चौधरी, कमलसिंह चौहान, कपिल चौधरी, जीतू मौर्य सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा के संगठन महामंत्री दोपहर में आकर बुरहानपुर जाएंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर आज से इन्दौर सम्भाग के दौरे पर रहेंगे। चंद्रशेखर दोपहर 1 बजे इन्दौर पहुंचेंगे और वे कुछ देर यहां रुककर बुरहानपुर में जिला बैठक, प्रबंध समिति बैठक लेंगे। वहां से वे खंडवा पहुंचकर प्रबुद्धजन गोष्ठी और कोर ग्रुप की बैठक में भी शिरकत करेंगे। रात्रि विश्राम ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र में होगा। ओंकारेश्वर के बाद कल 14 नवम्बर को महेश्वर, खरगोन, ठीकरी, बड़वानी में भी बैठक लेंगे। कल रात्रि विश्राम ठीकरी में होगा। 15 नवम्बर को भी वे दौरे पर रहेंगे। बड़वानी में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा अनावरण एवं जनजातीय गौरव दिवस में भी शिरकत करेंगे।

कांग्रेस नेता ने ली निर्वाचन की बैठक में आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल से मतदाता सूची को लेकर एक माह का अभियान निर्वाचन ने शुरू कराया और इधर कल कलेक्टर के निर्वाचन कार्यालय में राजनीतिक दलों के साथ इसी मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई। विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल हमेशा की तरह कल भी पहुंचे। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर एक माह तक चलने वाले अभियान पर चर्चा शुरू हुई। प्रारंभ में यह बताया कि 3209 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ ने बैठना शुरू कर दिया है। पांच नए पोलिंग बूथ और कम हुए बूथ की जानकारी भी दी गई। राऊ में 4 और सांवेर में 1 नया बूथ बनाया गया। वहीं विधानसभा 2, 4 और सांवेर के बूथ कम हुए उसकी जानकारी दी गई। कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी विधानसभा 5 के 95 बूथ जो जर्जर हो चुके हैं



पहले हुई बैठक की आपत्ति के मांगे मिनिट्स

उनको बदलने की बात भी कही थी, वे अभी नहीं बदले गए हैं। बाकलीवाल ने यह भी कहा कि यह मुद्दा लगातार तीन निर्वाचन की बैठकों में उठाया गया। इस पर अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में आपकी सभी आपत्तियों को भोपाल भेज दिया गया है, इस पर भी बाकलीवाल ने आपत्ति ली कि आपने भोपाल मुख्य निर्वाचन को आपत्ति भेज दी है, आप मुझे गत तीनों मीटिंग के मिनिट्स दो और भोपाल जो शिकायत भेजी उसके प्रमाण दो, बाकलीवाल ने कहा कि मैंने 95 जर्जर बूथ की बदली की बात कही थी वह आज तक कार्य में नहीं लाई गई। इसका मतलब है कि वह बात भोपाल तक नहीं गई है। अगर भोपाल तक बात जाती तो उसमें से ज्यादातर बूथ परिवर्तन होते। बाकलीवाल ने युक्तिकरण की बात के बाद कहा कि एक बूथ पर तीन-तीन बीएलओ बैठाने की प्रक्रिया भी गलत है। यह भी कहा कि निर्वाचन को आप अधिकारी लोगों ने मजाक बना दिया है। इस पर भी यही कहा कि आपकी बात को भोपाल में रख दिया जाएगा। सीधे-सीधे बाकलीवाल ने यह भी चेतावनी दी कि अगर आपने जनता के हित की बात को नहीं सुना तो कांग्रेस जनता की बात को न्यायालय तक ले जाएगी, एक ही परिवार को तीन बूथ पर शिफ्ट करने का मुद्दा गलत है। बाकलीवाल ने लगातार 25 साल से प्रशिक्षण दे रहे डॉ. आरके पाण्डे की बदली नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। यही कहा कि क्या कोई दूसरा प्रशिक्षक नहीं मिला क्या, जबकि नियम अनुसार चुनाव आयोग ही अधिकारियों के तबादले नियम अनुसार करवा देता है। बाकलीवाल ने सीधा-सीधा प्रशिक्षक पाण्डे पर अंगुलियां उठाई और कहा कि पाण्डे हमेशा रटारटाया जवाब देते हैं। हम चाय-बिस्किट के लिए मीटिंग में नहीं आते हैं। एक सप्ताह में मिनिट्स की कॉपी नहीं दी तो कानूनी रूप से कांग्रेस न्यायालय जाएगी। बाकलीवाल ने कहा कि हर बूथ पर एसआईआर मुद्दे के बैनर लगाए जाए कि 2003 का मुद्दा समाप्त हो चुका है, जिससे मतदाताओं को जानकारी रहे और जो-जो कागजात चाहिए उनकी सूची भी फ्लेक्स पर लगाई जाए। बैठक में निर्वाचन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। पिछली बैठकों में यह अधिकारी नहीं थे और आपत्ति ली गई थी उसी कारण मौजूद रहे। भाजपाइयों और अन्य दलों की भी चुप्पी से संजय बाकलीवाल की बातों में दम मिला। कुल मिलाकर कल निर्वाचन की बैठक में कांग्रेस प्रतिनिधि की तकरार हुई।

दिग्गी से बोले पटवारी... राजनीतिक विरासत मेरी और सारा पैसा जयवर्धन का

जीतू बोले प्रदेश में 500 प्रतिशत बनेगी कांग्रेस की सरकार तो सिंधिया बोले कांग्रेस ज्योतिष बदले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के मंच पर जीतू पटवारी ने दिग्विजय सिंह से एक बड़ी मांग कर दी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे दिग्विजय सिंह के बेटे समान हैं। इसलिए उनकी राजनीतिक विरासत पटवारी की और सारा पैसा जयवर्धन सिंह का है।

पटवारी के इस बयान के बाद मंच पर तो ठहाके की गूंज हुई लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। इधर, दिग्विजय सिंह के जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह जीतू पटवारी को चने के झाड़ पर चढ़ा रहे हैं। वे पहले भी कई बार उन्हें चने के झाड़ पर चढ़ा चुके हैं और उतार भी चुके हैं।इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में 500 प्रतिशत कांग्रेस की सरकार बनेगी। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री कौन होगा तो वे इस सवाल को टाल गए। वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को सलाह दी है कि वह कई साल से गलत ज्योतिषी के पास जा रही है, उसे अपना ज्योतिषी बदलने की जरूरत है।

महापौर पनौती मुद्दे पर तीन अध्यक्षों की तकरार...







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदौर के स्वच्छता ताज छीनने के मुद्दे पर महापौर पर तंज कसते हुए उन्हें सीधा-सीधा पनौती वाला महापौर कह दिया और यह भी कहा कि पिछले सवा चार सालों में शहर की हालत और व्यवस्था बिगड़ी है। अब इंदौर स्वच्छता की गिनती में नहीं रहा। निगम में भ्रष्टाचार और घोटालों का आरोप भी चौकसे ने लगाया। नवाचार के नाम पर महापौर ने शहर का बंटाढार किया। चौकसे ने यह भी कहा कि महापौर पढ़े-लिखे हैं इसलिए लोगों को बहुत उम्मीद थी, लेकिन वे पनौती साबित हुए, उनके बयान के बाद महापौर और उनके समर्थकों का तो बयान नहीं आया, लेकिन भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बयान जारी कर एक के साथ दो और बड़े कांग्रेस नेताओं को लपेटकर पनौती कह दिया। मिश्रा ने राहुल गांधी, जीतू पटवारी और खुद चिन्टू चौकसे को भी पनौती कह डाला। मिश्रा का पलटवार और भारी था और तीनों कांग्रेस नेताओं को कांग्रेस के लिए पनौती कहा। कांग्रेस और भाजपा अध्यक्ष के बाद इस मुद्दे पर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी शामिल हो गए और उन्होंने भी सुमित मिश्रा को इंदौर की सबसे बड़ी पनौती बता दिया और यह भी कहा कि जबसे आप अध्यक्ष बने हो इंदौर दिन प्रतिदिन पिछड़ता जा रहा है इसके लिए भाजपा को माफी मांगना चाहिए। दूषित पानी से लोगों की मौत हुई है और भाजपा परिषद से लेकर भाजपा जनप्रतिनिधि और भाजपा संगठन ने अभी तक दूषित पानी के लिए जिम्मेदारी नहीं ली औरि भागीरथपुरा की जनता से माफी भी नहीं मांगी है जो शर्मनाक है। कुल मिलाकर तीन अध्यक्षों के बीच कल चली पनौती की बहस चर्चा का विषय बन गई और जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हुई।

कमलनाथ के नहीं रहने के बावजूद

इंदौर से जाएंगे कांग्रेसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वयोवृद्ध कांग्रेस नेता कमलनाथ अपनी पूरी राजनीतिक विरासत अपने बेटे नकुलनाथ को सौंपना चाह रहे हैं और इसी कड़ी में कल भोपाल बंगला पर सुबह से दोपहर तक प्रदेशभर के कांग्रेस समर्थकों का दीपावली मिलन के नाम पर जमावड़ा रहेगा। कांग्रेसी चाहते थे कि कमलनाथ भी इस मिलन में उनके साथ मौजूद रहे। कमलनाथ क़ो 15 नवम्बर को दुबई जाना है इसलिए वे कल के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं। बड़े नाथ के नहीं शामिल होने के बावजूद युवराज के रूप में छोटे नाथ को बागडोर

नकुलनाथ को भी दोपहर के बाद निकलना है बाहर

सौंपने की तैयारी अब नाथ समर्थकों ने कर ली है और कल प्रदेश के साथ इंदौर के भी नाथ समर्थक सुबह से भोपाल निकलना शुरू होंगे। कुल मिलाकर नाथ खेमा कल शक्ति प्रदर्शन करेगा और इसी शक्ति प्रदर्शन से कांग्रेस की आगे की राजनीति भी तय करेगा।

सांसद कार्यालय में दीपावली मिलन और अन्नकूट आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांसद शंकर लालवानी ने अपने ओल्ड पलासिया स्थित सांसद कार्यालय परिसर में दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज सुबह से किया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों को आमंत्रण दिया गया है। यह आयोजन आज सुबह शुरू हुआ जो दोपहर तक चलेगा। आने वाले लोगों से सांसद संवाद भी कर रहे है।

कांग्रेस नेता ने कहा-रहवासियों की आवाज मत दबाओ

भागीरथपुरा के रहवासियों को न्याय दिलाने से होगा समाधान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क़ांग्रेस नेता दीपक मलोरिया रानू के साथ कल भागीरथपुरा के रहवासी महापौर के दिल्ली से इन्दौर विमानतल पर आगमन के दौरान भागीरथपुरा में हुई 36 लोगों की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर पोस्टर लेकर पहुंचे थे। बात सभी शांतिपूर्ण तरीके से रखना चाहते थे। रानू ने बताया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर पुलिस ने रानू मलोरिया और रहवासियों को जबरन थाना पुलिस वाहनों में पहुंचाया, इनमें 80 वर्ष की बुजुर्ग महिला गंगाबाई खूबचंद और 10 साल का मासूम बच्चा भी पुलिस थाना ले जाया गया था। मलोरिया ने कहा कि हम भागीरथपुरा में हुई दर्दनाक घटना में 36 लोगों की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर विमानतल पर महापौर के समक्ष पहुंचे थे, हम चाहते थे कि क्षेत्रीय विधायक भी वहां मिल जाएंगे और उन्हें ज्ञापन दे देंगे, लेकिन मांग के बदले में महापौर से मिलने की बजाय पुलिस ने थाना का रास्ता दिखा दिया। इस दौरान कई कांग्रेस नेता और रहवासी भी थाना पहुंच गए थे।

आस्था का महाभोग... घर-घर से आएंगे पकवान, रामभक्त हनुमान को लगेगा भोग

कल शाम को होगा सुभाष चौक मंदिर पर विशेष आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सुभाष चौक स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में वर्ष भर में कई अनूठे आयोजन और आकर्षक श्रृंगार होते है। कल शनिवार को हनुमानजी को महाभोग अर्पण किया जाएगा जिसमें सैकडों घरों से पकवान बनाकर श्रद्धालु भोग के लिए लेकर आएंगे। गत वर्ष करीब 1500 घरों से पकवान पहुंचे थे। इस वर्ष 2000 से अधिक घरों से आस्था का महाभोग पहुंचेगा।

मंदिर के मुख्य पुजारी जीतू गुरु ने बताया कि कल शाम 5 बजे के पूर्व श्रद्धालु अपने घरों से अलग-अलग पकवान सात्विक रूप से बनाकर लाएंगे और



हनुमानजी को भोग लगाएंगे। हर घर एक भोग के संकल्प के साथ यह आयोजन होगा। कोई मीठा, कोई नमकीन तो कोई अपनी भावना अनुसार विशेष व्यंजन बनाकर लाएंगे। यह आयोजन बीते 10 वर्षों से हो रहा है। शुरूआत में करीब 100 घरों से भोग पहुंचता था। गत वर्ष तो हालात यह बनी कि हनुमानजी के मंदिर के अलावा सामने स्थित राम मंदिर भोग लगाने के बाद भी जब व्यंजन बच गए तो अगले दिन सूखे व्यंजनों को भोग लगाया गया। इसी स्थिति को देखते हुए इस बार मंदिर में हैंगिंग, स्टेप्स लगाए जाएंगे जिसके बाद करीब 2 हजार भोग की व्यवस्था बन जाएगी। इस दौरान हनुमानजी का भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

निगमायुक्त का दावा इंदौर की रैंकिंग नहीं गिरी

इंदौर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार समारोह के बाद इंदौर की रैंकिंग को लेकर फैले भ्रम पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि इंदौर लीग से बाहर नहीं हुआ है और न ही इंदौर की रैंकिंग में कोई गिरावट आई है। इस समय लगातार यह प्रचार हो रहा है कि इंदौर ने अपनी सुपर की स्थिति को खो दिया है। पूरे देश में सबसे आगे रहने वाला इंदौर अब पीछे आ गया है।

सिंघल ने बताया कि इस बार सुपर स्वच्छ लीग के शहरों को किसी अन्य शहर के साथ जोड़ी बनाकर कार्य करने की चुनौती दी गई थी। इंदौर की जोड़ी देपालपुर के साथ बनाई गई थी। इंदौर की टीम ने देपालपुर में जाकर स्वच्छता के कार्यों में उल्लेखनीय सुधार किया। जोड़ी कैटेगरी की रैंकिंग में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी ने अहमदाबाद के बाद देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सिंघल ने बताया कि इस बार नियम था कि एक शहर को एक ही कैटेगरी में एक ही पुरस्कार दिया जाएगा। इंदौर को जोड़ी कैटेगरी में पुरस्कार प्राप्त हो जाने के कारण उसे अन्य कैटेगरी से पृथक कर दिया गया। इसी कारण अहमदाबाद, इंदौर और तिरुपति को शेष लीग रैंकिंग में शामिल नहीं किया गया और अन्य शहरों की रैंकिंग की गई, जिससे भ्रम की स्थिति बनी।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा भी यह स्पष्ट किया गया है कि 1-2 दिन में सर्वेक्षण का पोर्टल लाइव हो जाएगा, जिसमें सभी शहरों के प्राप्तांक देखे जा सकेंगे, जिसके बाद स्थिति पूर्णतः स्पष्ट हो जाएगी। सिंघल ने इंदौर के समस्त सफाई मित्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र वर्ष भर, हर मौसम और हर त्योहार में इंदौर को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करते हैं। इंदौर की यह उपलब्धि उन्हीं के परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ भी कमी रह गई है, उसे चिन्हांकित कर आगामी समय में और अधिक सुधार किया जाएगा, ताकि इंदौर स्वच्छता में सदैव अग्रणी बना रहे।

कांग्रेस का पोल खोल अभियान शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव, सुनील यादव ने बताया कि आज से एक माह तक कांग्रेस का शासन का पोल खोल अभियान जारी रहेगा। यह अभियान शहर, विधानसभा स्तर, ब्लॉक, वार्ड, मोहल्ला और

एक माह तक चलाया जाएगा मोहल्ला स्तर पर आयोजन

बूथ स्तर तक होगा। बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी तथा माफिया राज के खिलाफ यह पोल खोल अभियान किया जाएगा, जिसकी शुरूआत आज जनजागरण अभियान पोल खोल के रूप में छोटी ग्वालटोली और छत्रीपुरा क्षेत्र में चलाया गया।

भाजपा किसान मोर्चा की वर्चुअल बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा की वर्चुअल बैठक प्रदेश पदाधिकारियों, जिला शहर अध्यक्ष, सोशल मीडिया प्रभारियों की संगठन मुद्दे पर आयोजित की। जयपालसिंह चावड़ा ने मार्गदर्शन दिया।

कांग्रेस की घेराबंदी से परेशान महापौर भी बचाव में उतरे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में इंदौर को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस के द्वारा जिस तरह घेराबंदी की जा रही है उससे परेशान होकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की बचाव मैं उतरकर सामने आ गए हैं।

महापौर के द्वारा आज सुबह एक वीडियो जारी किया गया। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम को लेकर कांग्रेस के द्वारा आरोप लगाया जा रहे हैं। कांग्रेस को यह ध्यान रखना चाहिए कि यह शहर जितना हमारा है उतना ही उनका भी है। महापौर ने कहा कि यदि मुझ पर आरोप लगाना है तो चाहे जितने लगा लो लेकिन सफाई मित्रों के द्वारा की जा रही मेहनत पर सवाल या निशान मत लगाओ। इस वीडियो के घोषित होने के साथ में केंद्र सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में किस शहर को कितने अंक मिले हैं यह भी सार्वजनिक कर दिया जाता है। इस बार अभी तक अंक तालिका जारी नहीं हुई है। हमें अंक तालिका जारी होने का इंतजार करना चाहिए। उसके पहले कांग्रेस को किसी तरह का विरोध प्रदर्शन और आरोप प्रत्यारोप नहीं करना चाहिए।

इस वीडियो में महापौर ने एक बार फिर दोहराया है कि अंक तालिका जारी होगी तो सबको यह मालूम पड़ जाएगा कि इंदौर पूरे देश में नंबर एक पर है। वन सिटी वन अवार्ड फार्मूले के तहत हमें स्वच्छता जोड़ी के दूसरे पुरस्कार पर ही रुकना पड़ा है। सुपर लीग में न केवल इंदौर को बल्कि अहमदाबाद और अन्य श्रेणी में पुरस्कार जीत चुके शहरों को भी शामिल नहीं किया गया है। कल रात को निगम आयुक्त की ओर से वीडियो जारी होने के बाद आज सुबह महापौर की ओर से भी वीडियो जारी कर जनता को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की जा रही है कि इंदौर अभी भी नंबर एक है। वैसे इसकी हकीकत उस समय ही सामने आएगी जब केंद्र सरकार के द्वारा अंक तालिका जारी कर दी जाएगी।

भाजपा नेता ने दिए आयोजन को लेकर निमंत्रण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर मंत्री शुभम सोलंकी ने 28 नवम्बर को होने वाली भजन संध्या और 1 दिसम्बर को होने वाले भंडारा आयोजन के लिए भूतेश्वर महादेव और भगवान गणेशजी को निमंत्रण दिया।

नल में पानी बह रहा था तो जोनल अधिकारी का वेतन काट दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सभी अधिकारियों को निर्देश, कहीं भी नल से पानी नहीं बहाना चाहिए

नल से पानी फालतू बहता हुआ पाए जाने के कारण एक जोनल अधिकारी का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही अब सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि कहीं भी नल से फालतू पानी नहीं बहाना चाहिए।

कम बारिश होने के कारण इस साल पानी का जोरदार संकट पैदा होने के आशंका बनी हुई है। इस आशंका को ध्यान में रखते हुए अभी से नगर निगम के द्वारा पानी का दुरुपयोग रोकने की दिशा में कोशिश शुरू कर दी गई है। जिन स्थानों पर नल में टोटी नहीं लगे होने के कारण पानी व्यर्थ में बह जाता है वहां पर पानी की इस बर्बादी को रोकने के लिए निगम के द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। अब नगर निगम के सारे अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि उनके क्षेत्र में कहीं भी बिना टोटी का नल नहीं होना चाहिए। किसी भी नल से पानी का व्यर्थ बहने जैसा काम नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कहीं पानी का इस तरह से दुरुपयोग नहीं हो सके।

जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 62 में आज नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान नलों में टोटियां नहीं लगे होने के कारण आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी का एक दिन का तथा वार्ड क्रमांक 62 के उपयंत्री सौरभ सोमैया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। सिंघल ने कहा कि एक ओर शहर में जलापूर्ति के लिए निगम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टोटियों के अभाव में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है इस पर तत्काल कार्रवाई की जाएं। सिंघल ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में अभियान चलाकर नलों का सर्वे कर तथा जहां टोटी नहीं है वहां टोटी लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही नियमित रूप से निरीक्षण कर पानी की बर्बादी रोकने की व्यवस्था बनाई जाए।आयुक्त द्वारा जिन क्षेत्रों में लापरवाही पाई जाएगी, वहां के जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण

सिंघल निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 22 में कचरा जलता पाया जाने तथा सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं होने पर सी एस आई धीरेंद्र चौहान का एक दिन का तथा दरोगा का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को सफाई के प्रति सजगता रखने के लिए कहा गया है।



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के जोन क्रमांक 20 जिंसी हॉट मैदान में आज आयोजित किया जा रहा है। अधिकारियों की मौजूदगी में आम लोगों की समस्याओं को शाम तक सुना जाएगा और संभव होगा तो निराकरण भी किया जाएगा।

जिला कांग्रेस ने बनाए वोट बचाओ देश बचाओ के लिए प्रभारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस आलाकमान के निर्देश के बाद 'वोट बचाओ देश बचाओ' अभियान एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन हेतु जिला कांग्रेस कमेटी इंदौर द्वारा ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस का प्रभारी भी बनाया गया है, जिनमें देपालपुर ब्लॉक के प्रफुल्ल शर्मा, सुरेन्द्र ठाकुर, विरेन्द्र रितोरिया, जसपाल सिंह, सुरेश पटेल, महू ब्लॉक के कपिल चौहान, सीमा सोलंकी, लोकेश धुलिया, कुणाल सोलंकी, धर्मेन्द्र ठाकुर, मलिक खान, सांवेर ब्लॉक के हिमांशु शर्मा, रामप्रसाद पंवार, रोहित गुर्जर, मनीष दांगी, मुश्ताक खान, जितेन्द्र राठौर, राऊ ब्लॉक के अनिल जिराती, सुभाष चौधरी को प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई है।

नगर निगम से मांगी रिमूवल कार्रवाई के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीनें, न्याय नगर में कार्रवाई की तैयारी

एक दिन में टूटेंगे लगभग 77 मकान, 7 एकड़ जमीन पर बने हैं भवन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रेडिसन चौराहे के पास स्थित न्याय नगर में एक बार फिर बड़े रिमूवल की तैयारी शुरू हो गई है। यहां कोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन को करीब 77 मकानों को हटाने की कार्रवाई करनी है। त्योहारों को देखते हुए फिलहाल कार्रवाई टाल दी गई थी, लेकिन दीपावली खत्म होने के बाद प्रशासन अब एक ही दिन में सभी मकानों को हटाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए नगर निगम से मशीनरी और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह रहवासी क्षेत्र में जिला प्रशासन की अब तक की सबसे बड़ी रिमूवल कार्रवाइयों में शामिल हो सकती है।

7 जेसीबी और 4 पोकलेन से होगी कार्रवाई

कार्रवाई के लिए नगर निगम की वर्कशॉप और रिमूवल टीम को संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने निगम से 7 जेसीबी मशीन, 4 पोकलेन और करीब 10 बड़े ट्रक उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा रिमूवल टीम को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। एक ही दिन में 77 मकानों को हटाने के लिए व्यापक स्तर पर मशीनरी और अमले की जरूरत होगी।

7 एकड़ से ज्यादा जमीन का पुराना विवाद

न्याय नगर की करीब 7 से 8 एकड़ जमीन का विवाद लंबे समय से न्यायालय में चल रहा है। जमीन पर रहवासियों के मकान बन गए हैं, जबकि जमीन मालिक की ओर से इसे खाली कराने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी गई। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जिन 77 मकानों पर कार्रवाई प्रस्तावित है, उनके रहवासियों को न्यायालय से राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के पालन में जिला प्रशासन को जमीन खाली करानी है।

2024 में भी हुआ था भारी विरोध

इस जमीन पर जुलाई 2024 में भी प्रशासन ने कार्रवाई की थी। उस दौरान 26 जुलाई को 15 मकान हटाए गए थे। कार्रवाई का रहवासियों ने विरोध किया था। कुछ मकानों पर कोर्ट का स्टे होने के बावजूद तोड़े जाने के आरोप भी लगे थे। इसके बाद मामला फिर न्यायालय पहुंचा और सुप्रीम कोर्ट से कुछ रहवासियों को तीन महीने की अंतरिम राहत मिली थी। अब शेष मकानों को लेकर प्रशासन दोबारा कार्रवाई की तैयारी में जुटा है। फिलहाल कार्रवाई की तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन मशीनरी जुटाने की प्रक्रिया से साफ है कि प्रशासन दीपावली का त्योहार खत्म होने के बाद जल्द ही रिमूवल कार्रवाई करेगा।



मंगल केतु की युति कराएगी बड़े दंगल...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कल रात करीब 8:16 से 8:30 बजे के बीच मंगल ग्रह कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश कर चुका है। सिंह राशि में पहले से केतु विराजमान हैं, इसलिए यहां मंगल और केतु की युति बनेगी, जिसे ज्योतिष में काफी तीव्र और आक्रामक माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार मंगल इस राशि में 10 जनवरी 2027 तक रहेंगे। इस दौरान विश्व के अन्य देशों के साथ भारत में भी अग्नि से संबंधित बड़ी दुर्घटनाएं और बड़ा राजनीतिक उलटफेर, असंतोष देखने को मिल सकता है...मेष, कर्क, धनु, सिंह, कुंभ और मकर राशि वाले थोड़ा सम्हल कर रहें.. विशेष कर गुस्से, वाणी पर नियंत्रण रखे.. दुस्साहसी/गलत कार्यों से बचे, शत्रुओं से सावधान रहे और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। उक्त पूर्ण जानकारी भाजपा नेता और ज्योतिष कार्य देख रहे संतोष वाधवानी ने दी।

आज से छठ महोत्सव का आगाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





आज से छठ महोत्सव के चार दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत नहाय-खाय से शुरू हुई। महोत्सव के लिए कल भी अलग-अलग घाटों पर सफाई आयोजन, पानी भरने का काम, रोशनी लगाने का कार्य कराया गया। जनप्रतिनिधि और निगम का भी सहयोग मिला। भगवान सूर्य की उपासना और व्रत साधना से इस पर्व को लेकर समाजजनों में धार्मिक उत्साह है। आज कार्तिक चतुर्थी पर छठ महापर्व के पहले दिन स्नान करने के बाद पूजन, ध्यान किया गया और शुद्धता और पवित्रता के साथ व्रत का संकल्प लिया गया। आज साफ बर्तनों में निर्धारित दाल-चांवल और लोकी की सब्जी तैयार की गई। कल शनिवार को खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। व्रत पूरा होने के बाद खरना प्रसाद के रूप में गन्ने के रस में बनी चावल की खीर, दूध, चावल का पिठ्ठा और घी लगी रोटी ग्रहण की जाएगी। भगवान सूर्य की आराधना के पर्व में भगवान सूर्य को भोग अर्पित करने के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। 15 नवम्बर को अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को शाम को अर्घ्य दिया जाएगा और 16 नवम्बर की सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस तरह 15 नवम्बर छठ पर्व के तीसरे दिन पहला अर्घ्य दिया जाएगा और अगले दिन 16 नवम्बर की सुबह अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

एमआईसी सदस्य और पार्षद प्रशांत बडवे ने कैट रोड स्थित श्री सूर्य मंदिर परिसर में भी छठ पूजा की तैयारियां देखी और झोन अधिकारियों को कार्य में सहयोग के निर्देश दिए। बडवे ने घाट की सफाई से लेकर पानी और अन्य व्यवस्था भी करवाई।

ऑटो पर चमचमाती लाइट पुलिस ने उतरवाई नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की समझाइश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस सिंग्नल पर समझाइश भी वाहन चालकों को दे रही है। सिंग्नल तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई और हेलमेट नहीं लगाने वाले चालकों को समझाइश दी जा रही है। हेलमेट लगाने वाले लोगों से अनुभव भी पूछे जा रहे हैं। कल पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा पर लगा चमचमाती लाइट को हटवाया।

यातायात निरीक्षक मोहिनी गोयल ने एयरपोर्ट रोड पर चैकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। इसके अलावा लवकुश चौराहा पर निरीक्षक कुलदीपसिंह परिहार ने ऑटो रिक्शा पर लगी चमचाती लाइट को निकलवाया और चालानी कार्रवाई की। पुलिस ने प्रेशर हॉर्न बजाते हुए घूम रहे बाइक चालकों पर भी कार्रवाई की। ट्रैफिक टीआई योगेश मिश्रा, टीआई राजेन्द्रसिंह चौहान ने हॉर्न निकलवाकर 2 हजार का चालान बनाया। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालक और गाड़ियों के कागज पूरे नहीं रखने वाले चालकों पर भी कार्रवाई हुई।

नए साल में होगा मतदाता सूची का प्रकाशन...

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर क्री 9 विधानसभा क्षेत्रों में 25 लाख 36 हजार 870 मतदाता सूची को लेकर संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शुरू हुआ। कल से यह कार्य शुरू हुआ, जो एक माह तक चलेगा और उसके बाद नए साल 4 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी होगी। हर मतदान केन्द्र पर बीएलओ बैठे हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन और निरसन के लिए मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। शहर के अलावा जिले सहित 9 विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इसी मुद्दे पर कलेक्टर कार्यालय में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चर्चा की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची का वितरण भी किया गया। कुल 25 लाख 36 हजार 870 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 12 लाख 75 हजार 964 पुरुष, 12 लाख 60 हजार 810 महिला तथा 96 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशियो 988 है। जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3,209 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें देपालपुर में 358, इंदौर-1 में 387, इंदौर-2 में 356, इंदौर-3 में 202, इंदौर-4 में 325, इंदौर-5 में 437, महू में 362, राऊ में 403 तथा सांवेर में 379 मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदाता सूची में 11 दिसम्बर तक नाम जोड़ने, संशोधन कराने या अन्य दावे आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेगी। दावे आपत्तियों का निराकरण 28 दिसम्बर तक किया जाएगा। नाम जुड़वाने के आवेदन पत्र 6 के साथ घोषणा पत्र नहीं लिया जायेगा।



देवव्रत रेखे का अभिनंदन होगा शोभायात्रा भी निकलेगी ब्राह्मण समाजजन रहेंगे मौजूद



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे का 15 नवंबर को बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजनों की मौजूदगी में दोपहर 12.30 सम्मान किया जाएगा। भोजन का आयोजन भी रखा गया है। गांधी हॉल से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जो राजवाड़ा होते हुए पोद्दार प्लाजा गांधी हॉल पहुंचेगी। इस सम्मान में इन्दौर-उज्जैन सम्भाग के 15 जिलों से ब्राह्मण समाजजनों एवं 50 से अधिक ब्राह्मण समाज के घटकों और संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। व्यास्थान का आयोजन भी होगा।

राठी परिवार कराएगा भजन संध्या और अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। द्वारकाधीश कालोनी बिजासन रोड पर रहने वाले प्रकाश राठी ने बताया कि राठी परिवार ने 17 नवम्बर मंगलवार को शाम 7 बजे से भगवान श्रीनाथजी को छप्पन भोग और आरती का आयोजन रखा है। आरती के बाद भजन संध्या भी होगी और अन्नकूट महोत्सव भी मनाया जाएगा। द्वारकाधीश कालोनी में आयोजन होगा।



पर्यावरण प्रेमी ने बांटे 105 पौधे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पर्यावरण प्रेमी एवं सेवानिवृत्त इंजीनियर हरीश मेनारिया ने 105 पौधे विजय नगर स्थित स्कूल में वितरित किए।कार्तिक शास्त्री, रामचन्द्रन, दीपक शर्मा, रवि चंद्रन, लीना सेबेस्टियन एवं विद्यार्थी, अध्यापकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने यह पौधे लगाए। केयर टेकर को जिममेदारी भी दी गई कि वे समय पर पानी दे और पौधों की देखभाल कर उन्हें बड़ा करें।

अंजुमन लौह-कलम ने इकबाल डे पर शायर-ए-मशरिक को याद किया

डॉ. सलीम अख़्तर ख़ान को शाहीन अवार्ड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अंजुमन लौह-कलम ने इकबाल डे पर अदबी प्रोग्राम आयोजित किया। मेहमान-ए-खुसूसी अलफारूक यूनानी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सलीम अख़्तर ख़ान ने बताया कि इकबाल का कलाम दुनिया की 43 ज़ुबानों में तर्जुमा हो चुका है। उनकी दो मज़ारें हैं, एक लाहौर में और दूसरी तुर्की में। सदारत सहाफ़ी व अदीब जावेद आलम ने की।

इमरान ख़ान ने इक़बाल के पौते मुनीब इक़बाल से अपने ताल्लुक़ात का ज़िक्र किया। सहाफ़ी आदिल सईद ने इक़बाल के भोपाल आने से जुड़ा क़िस्सा सुनाया। इस्लामी एक्टिविस्ट सलीम अंसारी ने इक़बाल की शख़्सियत को चहुंमुखी बताया। डॉ. सलीम अख़्तर को शाहीन अवार्ड और इमरान ख़ान व मज़हर बंदूक़ वाला को मोमेंटो जस्टिस हिदायतुल्ला साहब, मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग, समीर खान, मोहसिन मंसूरी, तारिक़ भाई और अमानुल्लाह ने दिए। मेहमानों का स्वागत हसीब क़ाज़ी, समीर भाई, सरफ़राज़ अंसारी और मोहसिन ख़ान ने किया। संचालन एडवोकेट इमरान ख़ान ने किया और अंजुमन के सीनियर मेंबर रिज़वान ख़िलज़ी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।



कल कराएंगे काकाणी परिवार बद्रीनाथधाम के दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल-रेखा काकाणी ने गुमाश्ता नगर निवास पर कल शनिवार की शाम 7 बजे से बद्रीनाथधाम - ठाकुरजी के दिव्य दर्शन और उत्सव का आयोजन रखा है। इसके लिए बकायदा माहेश्वरी समाज सहित अन्य को दर्शन के लिए निमंत्रण भी दिया है।


मूंग दाल के मुहूर्त में सौदे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल छावनी अनाज मंडी में दीपावली के बाद मुहूर्त में खरीदी का काम शुरू हुआ। बड़ी संख्या में किसान अलग-अलग अनाज लेकर पहुंचे थे। व्यापारी भी सुबह से मंडी में पहुंच गए थे। पूजन के बाद मुहूर्त के सौदे हुए। कपड़े के नीचे व्यापारियों ने भी अंगुलियों के इशारे से मुहूर्त में सौदे किए। बालाजी पल्सेस की बुलबुल मूंग दाल 9801 व राजशाही बोल्ड मूंग दाल 10101 के भाव में मुहूर्त के सौदे हुए। पाइन एप्पल तंजानिया तुवर दाल 13201 के भाव में श्रीगणेश सौदे हुए। सौरभ-संतोष गोयल ने बताया मूंग में भविष्य में तेजी की सूचना है।



कल निकलेगी बिनौली यात्रा वैराग्य की बारात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन समाज से जुड़े राजेश जैन दद्दू ने बताया कि 16 दिसम्बर को जयपुर में संतों के सानिध्य में जैनेश्वरी दीक्षा होगी। दीक्षा महोत्सव के पहले इंदौर में तीनों बाल ब्रम्हचारी दीक्षार्थी भाइयों का महामंगल उत्सव होगा और उस उत्सव का सबसे भव्य क्षण होगा वैराग्य की बारात बिनौली यात्रा कल 14 नवम्बर की शाम 7 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, अंजनी नगर से निकाली जाएगी जो कालोनियों में भ्रमण करेगी। संत सदन में सभी भैयाजी के उद्बोधन होंगे।



डॉ. राजेश अग्रवाल साइंटिफिक चेयरमैन बने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारत में डायबिटीज विशेषज्ञों की सबसे बड़ी संस्था रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबिटीज़ इन इंडिया की म.प्र. शाखा के 'साइंटिफिक चेयरमैन' डॉ. राजेश अग्रवाल चुने गए। डॉ. राजेश अग्रवाल ने इसके लिए स्कूलों में हेल्थ एजुकेशन अनिवार्य करने का निवेदन और संस्था ने 'हिट अर्ली हिट हार्ड टू प्रिवेंट डायबिटीज' का संकल्प लिया है। डॉ. अग्रवाल का रिसर्च पेपर 'डॉक्टर के विरुद्ध बढ़ती हिंसा' जर्नल ऑफ़ फिजिशियंस ऑफ़ इंडिया' जापी में प्रकाशित हुआ है। इस वर्ष वार्षिक सम्मेलन में डायबिटीज में उपवास की रिहर्सल' विषय पर उनका व्याख्यान भी होगा। यह आयोजन आगामी 20 से 22 नवंबर तक बंगलौर में संपन्न होगा।



कवि शर्मा को 'उत्कृष्ट सूत्रधार' अवॉर्ड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बालाघाट मॉयल में आयोजित राष्ट्र स्तरीय आयोजन' साहित्यिकी' में इंदौर के कवि प्रो. राजीव शर्मा को 'उत्कृष्ट सूत्रधार' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान निधि भी भेंट की गई। कई कवि, रचनाकारों और समाजजनों ने बधाई दी है।

सोसायटी ने शुरू कराया अस्पताल में प्याऊ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री बालाजी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एम वाय हॉस्पिटल परिसर में मरीज व उनके परिजनों और जनमानस के लिए शुद्ध व शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया। अतिथि अधिकारी अरविंद घनघोरिया एवं प्रमोद अग्रवाल, हरीश विजयवर्गीय थे। रोहित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, दीदारसिंह सिद्धू, इकबाल अहमद, अब्दुल रऊफ, राकेश जैन, विजय सहित अन्य मौजूद थे।



पालीवाल समाजजन रहेंगे छप्पन भोग, अन्नकूट में आज मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री चारभुजानाथ मंदिर हेमिल्टन रोड पालीवाल समाज 44 श्रेणी धर्मशाला में आज शाम भजन संध्या, अन्नकूट और महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। संतोष जोशी संटू ने बताया कि भगवान चारभुजानाथ का विशेष श्रृंगार होगा और छप्पन भोग लगाए जाएंगे। महाआरती के बाद अन्नकूट आयोजन भी शुरू होगा, जो रात तक चलेगा। रतनसिंह चंदाना की भजन संध्या भी चलती रहेगी। अन्नकूट महाप्रसादी का वितरण भी होता रहेगा।



कसेरा कपल्स ग्रुप ने किया सेवाकार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कसेरा कपल्स सोशल ग्रुप के पदाधिकारी और सदस्यों ने सेवाकार्य के अन्तर्गत सेवा गतिविधियों का शुभारंभ किया। बस्ती में बच्चों को नए कपड़े और सामग्री भेंट की। सेवा कार्य से रुपेश कसेरा, विकास कसेरा, चंद्रशेखर कसेरा, बलवंत कसेरा, कृष्णकांत कसेरा, नितेन्द्र कसेरा, पवन कसेरा, मनोज कसेरा, विष्णु कसेरा, कृष्ण कसेरा, सुरेश कसेरा, नवीन कसेरा, राजेश कसेरा जुड़े रहे।



कपड़ा मार्केट में मुहूर्त के बाद कामकाज शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के सबसे बड़े कपड़ा बाजार क्लॉथ मार्केट में दीपावली अवकाश के बाद कल मुहूर्त हुआ और कामकाज भी शुरू हुआ। व्यापारियों ने गादी और बहीखातों का पूजन भी किया। व्यापारी अपनी वेशभूषा में टोपी और कुर्ता पैजामा पहनकर दुकानों पर पहुंचे थे। लग्न शुरू होने वाले हैं इसलिए शादी-ब्याह की ग्राहकी भी कल से शुरू हो गई। उक्त जानकारी अरुण बाकलीवाल ने दी।

पुलिस अधिकारियों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में युवा आईपीएस पुलिस अधिकारी अभिषेक रंजन और ओमप्रकाश सिंह को सम्मानित किया। मदन परमालिया ने उक्त जानकारी दी।



बिजलपुर में आधा दर्जन गलियों में हो रही है नई सड़क तैयार

संजय गांधी नगर से शिवधाम कॉलोनी तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

इंदौर। राऊ विधानसभा के अंतर्गत बिजलपुर क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 78 से जुड़े नीम चौक से लेकर संजय गांधी नगर पूर्व विधायक जीतू जिराती के घर के सामने तक खुदाई कर नई सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि इसके अलावा शिवधाम कालोनी रोड़ पर आगे करीब आधा किमी लंबे हिस्से में कई जगह सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

जबकि बिजलपुर ग्राम के नीम चौक से लेकर संजय गांधी नगर के बड़े हिस्से तक वर्तमान में खुदाई कर नई सीमेंट सड़क निर्माण कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसके तहत लोगों के घरों के ओटले और पुरानी लाइन बदलकर हाथों हाथ सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। ताकि लोगों की सालों पुरानी समस्या का समाधान हो सकें। साथ ही लोगों को नई सड़क की सौगात मिल सके।

आधी से ज्यादा सड़क बनकर हो गई तैयार

क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश आर्य ने बताया लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से नीम चौक से पूरे गांव को जोड़ने वाली संजय नगर राम मंदिर तक



मुख्य सड़क का कार्य होगा। इसके साथ ही शिवधाम मंदिर से संजय गांधी नगर तक एक करोड़ 30 लाख की लागत से नई सीमेंट सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। लंबे समय से मंजूर सड़क निर्माण का कार्य पिछले दिनों शुरू किया गया था। जिसके अंतर्गत वर्तमान में करीब आधी से ज्यादा सड़क कई जगह बनकर तैयार हो चुकी है। जबकि कई जगह निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

कई जगह लोगों के घरों के ओटले और अन्य बाधक निर्माण बन रहे बाधा

इधर, बिजलपुर ग्राम में बड़े स्तर पर गांव की विभिन्न गलियों और मुख्य मार्ग पर चल रहे हैं सड़क निर्माण कार्य के तहत कई जगह जगह लोगों के घरों और दुकानों के बाहर के ओटले और अन्य बधक निर्माण रोड़ा बन रहे हैं जिन्हें क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश आर्य द्वारा लोगों से बातचीत कर आपसी सहमति से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि लोगों की सहमति से सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में आ रही बाधाएं दूर कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाए। जिसको लेकर लोगों से बातचीत कर बाधक निर्माण आपसी सहमति से हटाकर सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा बिजलपुर क्षेत्र में आने वाले दिनों में दिवाली से पहले कुछ जगह और नई सीमेंटेड सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की तैयारी है।

एआईसीटीएसएल विजयनगर और चंदननगर बस डिपो को अपडेट के लिए करेगा 13 करोड़ से ज्यादा खर्च

इंदौर। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज द्वारा इंदौर में विजयनगर क्षेत्र में पुराने आरटीओ कार्यालय पर पीएम ई बस योजना के अंतर्गत नवीन बस डिपो तैयार करने और इनके आधुनिकरण चार्जिंग सिस्टम लगाने के लिए यहां 7.75 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। जिसको लेकर प्रबंधन ने ऑनलाइन निविदा संबंधित तमाम प्रोसेस और तैयारियां भी शुरू कर दी है। यही नहीं इसके अलावा चंदन नगर क्षेत्र में भी एक और नए सिटी बस डिपो को अपडेट करने और नवनिर्माण चार्जिंग सिस्टम के नवीनीकरण और अन्य कई सिविल कार्यों के लिए यहां लगभग 5 करोड़ छांसठ लाख के आसपास खर्च किए जाएंगे। जिसको लेकर वर्तमान में टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

अगले माह की शुरुआत से होगा निर्माण कार्य का शुभारंभ-

कहा जा रहा है कि अगले महीने की शुरुआत में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द हाथों हाथ निर्माण कार्य और अपडेशन के काम भी शुरू कर दिए जाएंगे। जिसको लेकर भी विभागीय तैयारियां शुरू हो गई है। ग़ौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत प्रदेशभर में नवीन ई-बसें चलने और लगातार इनकी संख्या में इजाफा होने के बाद शासन - प्रशासन द्वारा चार्जिंग ढांचे को मजबूत करने के लिए नए चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के साथ बसों को व्यवस्थित खड़े रखने के लिए नए डिपो तैयार करने का काम भी तेजी के साथ किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विजयनगर क्षेत्र में पुराने आरटीओ ऑफिस की जगह नया आधुनिक चार्जिंग सिस्टम से अपडेट बस डिपो तैयार करने का काम भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू होगा।इसके अलावा सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि लगातार नई इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के साथ अगले साल तक 500 से ज्यादा बसें और शुरू करने की तैयारी है। जिसके अंतर्गत इंदौर में भी इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या बढ़ेगी। जिसको ध्यान में रखते हुए लगातार चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाने के साथ पुराने चार्जिंग सिस्टम अपडेट करने का काम भी तेजी के साथ हो रहा है। साथ ही बसों को व्यवस्थित खड़ी रखने के लिए नवीन डिपो भी तैयार किए जा रहे हैं। जिसके तहत राजीव गांधी, नेहरू पार्क, खजराना, पालदा में न्यू आरटीओ और देवासनाका के बाद अब विजय नगर और चंदन नगर में भी नए डिपो तैयार किए जा रहें है।

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन रोड का मेंटेनेंस शुरू करेगा पीडब्ल्यूडी

इंदौर। इंदौर अहमदाबाद फोरलेन सड़क का मेंटेनेंस वर्क आने वाले दिनों में बेहद जल्द लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी शुरू करेगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। मेंटेनेंस प्रोजेक्ट से जुड़े पीडब्ल्यूडी सब डिविजन नम्बर एक के अधिकारियों के मुताबिक इंदौर धार अहमदाबाद फोरलेन एनएच 47 के लगभग साढ़े चार 4:50 किलोमीटर हिस्से में आवश्यक सुधार कार्य और मेंटेनेंस का कार्य विभाग द्वारा जल्द शुरू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत इस 60 टर्म मेंटेनेंस प्रोजेक्ट के अनुमानित लागत लगभग 1.16 करोड़ रखी गई है इसके तहत सड़क की मरम्मत को देखने की अवधि 1 वर्ष निर्धारित की गई है। बताया जा रहा है कि अगले माह निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां आवश्यक मरम्मत कार्य और उबड़-खाबड़ हिस्सों को सुधारने और गड्ढों को भरने का काम तेजी के साथ शुरू किया जाएगा ताकि इस रूट से राजस्थान और गुजरात जाने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी और दिक्कत से बड़ी राहत मिलेगी।

अभी सफ़र के बीच दचकों से होती है शुरुआत

वहीं अभी इस रूट से इंदौर अहमदाबाद फोरलेन सड़क से अहमदाबाद और गुजरात की ओर आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों के साथ रात दिन सफ़र करने वालों को रोज़ाना गड्ढों और कई हिस्सों में उबड़-खाबड़ रास्तों के बीच होकर सफ़र करना पड़ता है। बेहद जल्द सड़क मेंटेनेंस कार्य शुरू हो जाने से आने जाने वाले सैकड़ो वाहन चालकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। साथ उनका सफर भी आरामदायक होगा।

रेसीडेंसी में करोड़ों की लागत से जजों के लिए बन रहे आधा दर्जन आधुनिक सुविधाओं वाले बंगले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रेसीडेंसी कोठी परिसर में वर्तमान में करोड़ों रुपयों की लागत से लोकनिर्माण विभाग का पीआईयू द्वारा न्यायाधीशों के लिए आधुनिक शैली में नवीन लक्ज़री गेस्ट हाउस का नवनिर्माण किया जा रहा है। जिसमें आधुनिक शैली के साथ लग्जरी सुविधाए उपलब्ध होगी। जिसका वर्तमान में तेजी के साथ नव निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इससे पहले सालों पुराने जर्जर गेस्ट हाउस को ध्वस्त कर अब पिछले दिनों पी डब्ल्यू डी के पी आई यू विभाग द्वारा करोड़ों की रुपए की लागत से ओल्ड रेस्ट सर्किट हाउस के पास जजेस के लिए नवीन आधुनिक लक्ज़री

वर्तमान समय में आधुनिक शैली में तेज गति से हो रहा नव निर्माण



सुविधाओं वाले गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका वर्तमान में अभी 25 से 30 फीसदी निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। वहीं अभी काम तेजी के साथ हो रहा है।

नए साल में होगा आधुनिक गेस्ट हाउस बनकर तैयार

बताया जा रहा है कि आने वाले नए साल 2027 की शुरुआत में रेसीडेंसी कोठी कैंपस परिसर में पुराने सर्किट हाउस के पास सालों पुराने जर्जर रेस्ट हाउस को तोड़कर उसकी जगह नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले लग्जरी गेस्ट हाउस का नवनिर्माण कार्य पिछले दिनों शुरू हो गया है। जिसे वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। वही बताया जा रहा है कि बाहर से आने वाले जज और उनके स्टॉफ एवं अन्य अधिकारियों के लिए सिंहस्थ से पहले प्रबंधन द्वारा आधुनिक लक्जरी गेस्ट हाउस का निर्माण किया जा रहा है। अगले साल 2027 की शुरुआत में बनकर तैयार होने के आसार है। जिसका वर्तमान में तेजी से काम हो रहा है। जहां शानदार पार्किंग सुविधा के साथ गेस्ट हाउस के पास ही आकर्षक बगीचे की सुविधा भी मिलेंगी। जिसमें हरियाली के साथ आधुनिक जिम की सुविधा और हरियाली पेड़ -पौधे और खूबसूरती भी नजर आएगी।

संपादकीय

फिर मैनहोल में गिरा बच्चा, शहरों में विकास के दावों के बीच कब तक मरता रहेगा आम इंसान

खुले नालों और सीवर की बदहाली को लेकर जनता से आए दिन शिकायतें मिलती रहती हैं, लेकिन इन्हें हमेशा के लिए दुरुस्त करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। राजधानी दिल्ली के रणहौला इलाके में चार साल के मासूम बच्चे का खुले सीवर में गिर जाना और चौबीस घंटे बाद निलोठी के अवजल उपचार संयंत्र से उसका क्षत-विक्षत शव मिलना महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारे तंत्र की आपराधिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौने होने चाहिए थे, वह अपनी मां के साथ मोहन गार्डन के पार्क की ओर जाते समय खुले गटर में समा गया। नांगली विहार एक्सटेंशन में खेरी बाबा पुल के पास जब एनडीआरएफ, दमकल विभाग और स्थानीय गोताखोर गंदे पानी के तेज बहाव में उस नन्ही जान को तलाश रहे थे, तब स्थानीय लोग केवल उम्मीद और बेबसी के सहारे खड़े थे। आखिरकार जो शव सामने आया, वह संयंत्र की मशीनों में कटकर टुकड़ों में बंटा था। यह दृश्य किसी भी सभ्य समाज और उसकी व्यवस्था की अंतरात्मा को झकझोरने के लिए काफी है। हकीकत यह है कि अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग इस पर शायद ही कभी ध्यान देते हैं। आखिर इस तरह की तमाम दर्दनाक घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है? खुले नालों और सीवर की बदहाली को लेकर जनता से आए दिन शिकायतें मिलती रहती हैं, लेकिन इन्हें हमेशा के लिए दुरुस्त करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। अफसोसनाक है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन अथवा सरकारी तंत्र लापरवाही से अपनी आंखें मूंदे रखता है। घटनाएं होती रहती हैं और संवेदनशून्य सरकारी तंत्र चुप्पी साधे रहता है। सड़कों पर खुले मैनहोल से लेकर नाले में गिर कर लोगों की मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन उनसे सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। सवाल है कि सड़कों पर अगर खुले मैनहोल या नाले मौत को न्योता देते रहते हैं, तो इसे सुरक्षित तरीके से ढकना या घेरा बनाना किसकी जिम्मेदारी है। राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम अन्य शहरों से भी ऐसे दिल दहलाने वाले मामले लगातार सामने आते रहते हैं, लेकिन कहीं कोई जवाबदेही नजर नहीं आती। जब तक इन गंभीर लापरवाहियों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराकर सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल बना रहेगा।

ओवरटेक को लेकर विवाद, चाचा-भतीजे से मारपीट

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र के सनावदिया के पास ओवरटेक करने की मामूली बात को लेकर दो बाइक सवार युवकों ने चाचा-भतीजे के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। बदमाशों ने हाथ में पहने स्टील के कड़े से हमला कर भतीजे का सिर फोड़ दिया। परिजनों के बीच-बचाव करने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी विशाल पिता प्रकाश वारिया, निवासी दुधिया अपने भतीजे के साथ बाइक से महू से घर लौट रहे थे। रास्ते में पत्थर मुंडला से सनावदिया के बीच एक बाइक पर सवार दो युवक उनके आगे-पीछे चल रहे थे। सनावदिया पहुँचकर जब विशाल अपने भतीजे के साथ रुके, तभी दोनों आरोपियों ने आकर ओवरटेक करने का आरोप लगाते हुए विवाद और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर बदमाशों ने विशाल के साथ मारपीट की, जिससे उनके मुंह से खून निकलने लगा। जब भतीजे ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तो एक आरोपी ने अपने हाथ में पहने स्टील के कड़े से उसके सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों के चिल्लाने पर परिजन विजय और आरती बाई मौके पर पहुँचे और बचाव की कोशिश की। इस दौरान आरोपियों ने अपना नाम प्रदीप बागरी और बलवंत बागरी बताया और जाते-जाते दोबारा ओवरटेक करने पर जान से मारने की धौंस दी।

मोबाइल हैक कर उड़ाए 1 लाख 30 हजार

इंदौर। सराफा थाना क्षेत्र में अज्ञात साइबर ठग द्वारा मोबाइल हैक कर बैंक खाते से एक लाख तीस हजार रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर की शिकायत, अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज

पुलिस के अनुसार, यह वारदात सराफा थाना क्षेत्र के धान गली में रहने वाले तुहीन पिता विश्वजीत गोराई, मूल निवासी ग्राम माधवचौक, मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल के साथ हुई। फरियादी तुहीन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि किसी अज्ञात शातिर बदमाश ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। मोबाइल हैक होने के बाद ठग ने उनके बैंक खाते से चुपचाप ऑनलाइन तरीके से 1 लाख 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर निकाले लिए। खाते से बड़ी रकम कटने की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तत्परता दिखाते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पलाइन से मिली जानकारी और पीड़ित की शिकायत के आधार पर सराफा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन संदिग्ध बैंक खातों और डिजिटल ट्रेल्स की तकनीकी जांच कर रही है, जिनमें यह राशि ट्रांसफर की गई है, ताकि आरोपी का सुराग लगाया जा सके।

सूने मकान और ड्रॉज का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी

अलग-अलग इलाकों में चोरों का धावा

इंदौर। एमआईजी और लसूड़िया थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं, जहां अज्ञात बदमाशों ने घरों के ताले व ड्रॉज तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एमआईजी थाना क्षेत्र में अनूप नगर में रहने वाली संगीता पति संजीव श्रीमाल के घर से अज्ञात चोर पुराने इस्तेमाल सोने के जेवर चुरा ले गए। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने अपनी सोने की छोटी अंगूठी और कान के टोप्स घर की ड्रॉज में रखे थे, जो 5 नवंबर से 8 नवंबर के बीच गायब हो गए। घर में काफी तलाशने पर जब जेवर नहीं मिले, तो एमआईजी थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसी तरह लसूड़िया थाना क्षेत्र में विक्टोरिया सिटी में रहने वाले सोबरन खरे पिता लखपत सिंह खरे जब अपने पैतृक गांव भिंड से लौटकर इंदौर अपने घर पहुंचे, तो उनके मकान के मुख्य गेट और हॉल के कमरों के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखने पर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और लोहे की अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अज्ञात बदमाश अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब 12,000 रुपये नकद चुराकर ले गए। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग का पीछा कर किया परेशान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महू थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को परेशान करने, उसका पीछा करने और विरोध करने पर उसके घर के मुख्य ग़ेट पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विरोध करने पर घर के गेट पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

महू थाना पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवराज उर्फ चीनी निवासी अन्ना कॉलोनी, तेलीखेड़ा महू और उसका एक अन्य साथी लगातार उस पर बुरी नीयत से नजर रखे हुए थे और आरोपी उसका पीछा कर जबरन बातचीत करने का दबाव बनाते थे। पीड़िता और उसके परिजनों द्वारा इन हरकतों का कड़ा विरोध करने पर आरोपियों की हिम्मत और बढ़ गई। आरोपियों ने रंजिश के चलते पीड़िता के घर को निशाना बनाया और घर के मुख्य गेट पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। इस दुस्साहसिक वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिवार में दहशत का माहौल बन गया।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
140000	137000
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
181100	178100

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

स्वच्छता में श्रेष्ठता का मुकुट छिना, अब श्रेय नहीं आत्ममंथन की जरूरत!

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुरस्कार और उपलब्धियों का अपना महत्व है, लेकिन असली कसौटी शहर की सड़कों, गलियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई देने वाली जमीनी हकीकत है। आखिर कहां चूक हुई कि स्वच्छता का सिरमौर कहलाने वाला इंदौर अपना नंबर वन का ताज बरकरार नहीं रख पाया?

स्वच्छता के मामले में इंदौर ने देशभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। लगातार स्वच्छता पुरस्कार हासिल करना केवल एक शहर की उपलब्धि नहीं थी, बल्कि इंदौर के नागरिकों, सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक व्यवस्था के सामूहिक प्रयासों का सम्मान था। देश के सामने इंदौर स्वच्छता का मॉडल बनकर उभरा। लेकिन जब श्रेष्ठता का नंबर वन मुकुट सिर से उतरता है, तब केवल पुरस्कारों की सूची देखने के बजाय आत्ममंथन करना अधिक जरूरी हो जाता है। सवाल यह नहीं है कि इस उपलब्धि का श्रेय किसे मिलना चाहिए और किसका योगदान कितना रहा। श्रेय की राजनीति और उपलब्धियों पर अपना दावा जताने की प्रवृत्ति अपनी जगह है। असली सवाल यह है कि आखिर जमीनी स्तर पर ऐसी कौन-सी कमियां रह गईं, जिनके कारण स्वच्छता के मामले में वर्षों से कायम सिरमौर की पहचान कमजोर पड़ी?

क्या हमारी स्वच्छता व्यवस्था पुरस्कार केंद्रित होती चली गई? क्या सर्वेक्षण के दौरान विशेष तैयारियों और निरीक्षण के समय दिखाई देने वाली सक्रियता को ही हमने अपनी वास्तविक उपलब्धि मान लिया? क्या नागरिकों की रोजमर्रा की आदतों में स्वच्छता का संस्कार उतनी गहराई से विकसित नहीं हो पाया, जितना होना चाहिए था? शहर की मुख्य सड़कों की चमक के साथ-साथ गली-मोहल्लों की सफाई, बाजारों में कचरे का प्रबंधन, खाली भूखंडों पर गंदगी, नालियों की स्थिति, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता और कचरे के पृथक्करण जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। केवल सफाई मित्रों की मेहनत से शहर स्वच्छ नहीं बनता, जब तक नागरिक स्वयं अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते।

यह भी समझना होगा कि स्वच्छता मित्रों का सम्मान केवल मंचों पर माला पहनाकर या समारोहों में प्रशंसा करके पूरा नहीं होता। उनके काम की परिस्थितियां, संसाधन, सुरक्षा और नियमित निगरानी भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इंदौर की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनभागीदारी रही है। इसी ताकत को फिर से सक्रिय करने की जरूरत है। व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, रहवासी संघों, शैक्षणिक संस्थानों और आम नागरिकों को स्वच्छता के अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ना होगा। सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर इंदौरवासी का नागरिक धर्म है। आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम अपनी पिछली उपलब्धियों का बखान करते रहें या किसी एक व्यक्ति, विभाग अथवा व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराएं। जरूरत है कमियों को स्वीकार करने और उन्हें सुधारने के ईमानदार प्रयास की। नंबर वन का खिताब मिलना गौरव की बात है, लेकिन नंबर वन बने रहने की जिम्मेदारी उससे कहीं बड़ी है।

इंदौर को फिर से स्वच्छता का सिरमौर बनना है तो पुरस्कार की दौड़ से पहले अपनी कार्यशैली, नागरिक व्यवहार और जमीनी व्यवस्था में सुधार करना होगा। क्योंकि असली स्वच्छता वह नहीं जो सर्वेक्षण के दिन दिखाई दे, बल्कि वह है जो साल के 365 दिन शहर की हर गली, हर बाजार और हर मोहल्ले में नजर आए। इंदौर की पहचान केवल पुरस्कारों से नहीं, उसकी स्वच्छता की संस्कृति से होनी चाहिए। मुकुट वापस पाने से पहले उस विश्वास को वापस पाना होगा, जिसने इंदौर को देश का स्वच्छता सिरमौर बनाया था।

-अक्षय जैन

महंगाई की मार से सिकुड़ती इंदौरियों की खरीदी : बाजार में रौनक तो है, लेकिन ग्राहकों की जेब में कितना दम?

रसोई से लेकर रहन-सहन तक बढ़ते खर्च ने आम आदमी का बजट बिगाड़ा, जरूरतों को प्राथमिकता और इच्छाओं को इंतजार की कतार में खड़ा किया। खुदरा व्यापार भी महसूस कर रहा है क्रयशक्ति में कमी का असर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट
(अक्षय जैन)

महंगाई का असर केवल वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से नहीं मापा जा सकता। इसकी असली तस्वीर तब सामने आती है, जब महीने के अंत में आम परिवार अपनी आमदनी और खर्च के बीच संतुलन बनाने के लिए जद्दोजहद करता है। इंदौर जैसे व्यापारिक शहर में इसका प्रभाव घर की रसोई से लेकर बाजारों की दुकानों तक दिखाई देने लगा है। सवाल यह है कि जब आम आदमी की जेब पर खर्च का बोझ बढ़ रहा है, तब बाजार में खरीदी की क्षमता कितनी बची है? खाद्य पदार्थ, सब्जियां, दूध, दवाइयां, बिजली, शिक्षा, परिवहन और मकान के खर्च परिवारों के मासिक बजट का बड़ा हिस्सा लेते हैं। इन जरूरी खर्चों में बढ़ोतरी होने पर सबसे पहले गैर-जरूरी खरीदी पर अंकुश लगता है। कपड़े, जूते, फैशन, घरेलू सजावट और मनोरंजन जैसी चीजों की खरीदी टलने लगती है। ग्राहक बाजार आना बंद नहीं करता, लेकिन उसकी खरीदारी की प्राथमिकताएं जरूर बदल जाती हैं।

महंगाई के बीच ग्राहक की मानसिकता भी बदली

पहले ग्राहक किसी विशेष अवसर, त्योहार या पारिवारिक समारोह के लिए अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी करता था। अब वह कीमत, गुणवत्ता और जरूरत का तुलनात्मक आकलन करता है। जहां पहले एक साथ परिवार के कई सदस्यों की खरीदी होती थी, वहीं अब सीमित बजट में केवल आवश्यक वस्तुओं को प्राथमिकता दी जाती है। महंगे विकल्पों की जगह किफायती विकल्प तलाशे जाते हैं और कई बार खरीदी अगले महीने के लिए टाल दी जाती है। इसका असर खुदरा व्यापार पर स्वाभाविक रूप से पड़ता है। दुकानदार के सामने केवल बिक्री बढ़ाने की चुनौती नहीं, बल्कि बढ़ती लागत के बीच कारोबार को स्थिर रखने की भी चुनौती है। दुकान का किराया, कर्मचारियों का वेतन, बिजली, परिवहन, माल की लागत और अन्य व्यावसायिक खर्च लगातार प्रबंधन की मांग करते हैं। दूसरी ओर ग्राहक की सीमित क्रयशक्ति व्यापार की गति को प्रभावित करती है।

महंगाई का आंकड़ा और बाजार की जमीनी हकीकत

अक्टूबर 2026 के उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश की खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 8.94 प्रतिशत रही। मध्यप्रदेश की खुदरा महंगाई दर 7.19 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि इंदौर की अलग शहरवार महंगाई दर उपलब्ध नहीं है, लेकिन प्रदेश के ये आंकड़े महंगाई के दबाव को समझने का संकेत जरूर देते हैं। यहां एक महत्वपूर्ण बात समझने की है कि महंगाई की दर कम होने का अर्थ यह नहीं कि वस्तुओं के दाम पहले जैसे हो गए। इसका अर्थ केवल इतना है कि कीमतें पहले की तुलना में धीमी गति से बढ़ रही हैं। आम उपभोक्ता के लिए पहले से महंगी हो चुकी वस्तुओं का बोझ तब तक बना रहता है, जब तक उसकी आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ती।

बाजार की रौनक के पीछे ग्राहक की वास्तविक क्षमता भी देखिए

इंदौर की पहचान व्यापारिक गतिविधियों, पारंपरिक बाजारों और उपभोक्ता संस्कृति से रही है। राजवाड़ा से लेकर शहर के आधुनिक शोरूम और मॉल तक व्यापार की अपनी अलग पहचान है। लेकिन केवल दुकानों की सजावट, विज्ञापन, सोशल मीडिया की रील और बाजारों की भीड़ से व्यापार की वास्तविक स्थिति का आकलन नहीं किया जा सकता। जरूरी है कि यह भी देखा जाए कि ग्राहक कितनी खरीदी कर रहा है और दुकानदार के कारोबार में वास्तविक वृद्धि कितनी हुई है। व्यापारिक संगठनों, बाजार प्रतिनिधियों और आर्थिक नीति से जुड़े जिम्मेदारों को भी इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। स्थानीय स्तर पर बिक्री, ग्राहक संख्या, औसत बिल और जरूरी वस्तुओं की कीमतों का नियमित आकलन हो तो बाजार की वास्तविक आर्थिक स्थिति समझने में मदद मिल सकती है। आर्थिक मजबूती का पैमाना आम आदमी की जेब है किसी भी शहर की आर्थिक समृद्धि का वास्तविक पैमाना केवल बड़े निवेश, ऊंची इमारतें, नए शोरूम और व्यापारिक आयोजनों की संख्या नहीं हो सकता। असली समृद्धि तब दिखाई देती है, जब आम परिवार अपनी जरूरतें पूरी करने के बाद भी अपनी पसंद और इच्छाओं पर खर्च करने की स्थिति में हो। बाजार में ग्राहक का विश्वास और उसकी खर्च करने की क्षमता ही खुदरा व्यापार की सबसे बड़ी पूंजी है। महंगाई पर नियंत्रण, आमदनी के अवसरों में वृद्धि और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता जैसे प्रयास केवल घरेलू बजट सुधारने के लिए नहीं, बल्कि बाजार की आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए भी जरूरी हैं।

आखिरकार बाजार की असली रौनक दुकानों की रोशनी से नहीं, ग्राहक की खरीदारी से बनती है। यदि आम आदमी की जेब कमजोर होगी तो बाजार की चमक भी लंबे समय तक बरकरार नहीं रह पाएगी। इसलिए विकास और आर्थिक मजबूती की चर्चा में एक सवाल सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए आम इंदौरी की आमदनी बढ़ रही है या केवल उसके खर्च का आंकड़ा?

उस्मान ख्वाजा के सैंडपेपर आरोपों पर किया पलटवार

पैट कमिंस ने कहा- ये सब बकवास है, दोस्त ऐसा नहीं करते

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने 2018 के सैंडपेपरगेट विवाद को लेकर पूर्व बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के हालिया खुलासों पर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। कमिंस ने ख्वाजा पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी किताब के जरिए लोगों की साख और उनके जीवन के प्रति बेहद लापरवाह रवैया दिखाया है। सिडनी में मीडिया से बात करते हुए कमिंस ने साफ किया कि वे ख्वाजा को अपना दोस्त मानते हैं लेकिन इस बात से बेहद आहत हैं कि ख्वाजा ने केपटाउन टेस्ट के दौरान कैमरन बैनक्रॉफ्ट को सैंडपेपर का इस्तेमाल करते समय सिर्फ सावधान रहने की सलाह दी थी न कि उन्हें रोका था।

पैट कमिंस ने कहा, उस्मान मेरे दोस्त हैं लेकिन दोस्त एक-दूसरे की जिंदगी और साख के साथ इस तरह लापरवाह नहीं होते। अपनी किताब में उन्होंने मेरी और कई अन्य लोगों की जिंदगी के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के प्रति भी बेहद गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया है। मैं अपनी कहानी कहने के उनके अधिकार का 100 फीसदी समर्थन करता हूं लेकिन हम जो कहते और करते हैं उसके प्रति हमारी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। कमिंस ने ख्वाजा के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ की योजना की जानकारी टीम के गेंदबाजों को भी थी। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कमिंस ने कहा, जब वे कहते हैं कि हम सबको पता था यदि उनका मतलब यह है कि हमें मैदान पर सैंडपेपर ले जाने की जानकारी थी तो वे 100 फीसदी गलत हैं।

विल यंग का शतक, न्यूजीलैंड बड़े स्कोर की ओर

माउंट माउंगानुई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का आज चौथा मुकाबला खेला जा रहा है । दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला माउंट माउंगानुई के बे ओवल में है। मुकाबले में टॉस भारतीय टीम ने जीता है और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, न्यूजीलैंड के 6 विकेट गिरे हैं। समाचार लिखे जाने तक मेजबान न्यूजीलैंड टीम ने 42 ओवर में 6 विकेट पर 272 रन बना लिए थे । विल यंग 125 रन बनाकर नमन धीर का शिकार बने । विकेट पर कप्तान सांतनेर व क्लार्क खेल रहे थे । भारत की ओर से अब तक गुरनुर बरार व अक्षर पटेल ने 2-2 तथा आकिब नबी व नमन धीर ने 1-1 विकेट झटका है ।

भारतीय टीम ने ऑकलैंड और वेलिंगटन वनडे में जीत हासिल की थी । वहीं हैमिल्टन में निर्धारित मुकाबला बारिश के कारण धुल गया था । अब भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त लेना चाहेगी ।

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कीवी टीम की शुरुआत शानदार रही । टिम सीफर्ट और विल यंग ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े । इस साझेदारी पर ब्रेक गुरनूर बरार ने लगाया, जिन्होंने सीफर्ट को चलता किया । सीफर्ट ने 6 चौके और तीन छक्के की मदद से 48 बॉल पर 58 रन बनाए । इसके बाद अक्षर पटेल ने निक केली के रूप में भारत को दूसरी सफलता दिलाई । डीन फॉक्सक्रॉफ्ट भी कुछ खास नहीं कर सके और उनका विकेट आकिब नबी ने झटका । फॉक्सक्रॉफ्ट के आउट होने समय स्कोर 125/3 था।

यहां से विल यंग और फिन एलन के बीच चौथे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी हुई । एलन ने 30 गेदों पर 41 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और दो छक्के शामिल रहे । एलन का विकेट अक्षर पटेल ने झटका. एलन के आउट होने के कुछ देर बाद यंग ने अपनी 5वीं ओडीआई सेंचुरी पूरी कर ली । यंग ने 14 चौके और चार छक्के की मदद से 108 गेंदों पर 125 रन बनाए. यंग का विकेट नमन धीर ने चटकाया ।

राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एन बी ए इन्दौर का शानदार प्रदर्शन

इंदौर। बास्केटबॉल काम्पलेक्स में म.प्र. बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट, इन्दौर व्दारा आयोजित भूपेन्द्र बण्डी स्मृति सीनियर राज्य बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता (महिला व पुरुष) के पहले दिन बहुत ही आकर्षक मैच खेले गए । महिला वर्ग में आईटीएम ग्वालियर ने कडे संघर्ष के बाद एल एन आई पी ई ग्वालियर को मात्र 5 अंक (77-72) से पराजित किया । मध्यान्तर तक विजेता टीम 31-28 से आगे थी। विजेता टीम की ओर से लक्षिता ने 4 थी प्वाइन्ट सहित 18 अंक एंव श्वेता ने 16 अंक बनाए जबकि पराजित टीम की ओर से आकृति ने 4 थी प्वाइन्ट सहित 19 एंव जेनिफर ने अंक बनाए । अन्य मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे :- पुरूष वर्ग में एन बी ए इन्दौर ने विदिशा जिला को 79-43 से, उज्जैन कार्पोरेशन ने ग्वालियर कार्पोरेशन को 73-55 से, पश्चिम रेलवे रतलाम ने जबलपुर जिला को 73-38 से पराजित किया ।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पी देवराज (आई आर एस) सम्भागायुक्त सी जी एस टी, उज्जैन सम्भाग के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दकिशोर पहाडिया, पार्षद इन्दौर नगर निगम ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में दिलिप सिंह तोमर, सुमीत सूरी, एस एन गोयल उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत कुलविन्दर सिंह गिल, अविनाश आनन्द, प्रो. एस के बण्डी, सुनिल हार्डिया, यशवन्त सिंह कुशवाह कुलदीप हार्डिया, अजय खेर ने किया एवं प्रतियोगिता के स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति शर्मा ने किया एंव आभार कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट, इन्दौर सचिव लक्ष्मीकान्त पटेल ने माना ।

अखिल भारतीय बास्केटबॉल संघ के महासचिव कुलविन्दर सिंह गिल ने बताया कि 45 वर्ष पश्चात आगामी राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, स्थानीय नेशनल बास्केटबॉल एकेडमी, इन्दौर के बास्केटबॉल काम्पलेक्स में 19 से 27 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी । भूपेन्द्र बण्डी स्मृति सिनीयर राज्य बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता (महिला पुरूष) में खिलाडियों के व्दारा किये गये प्रदर्शन के आधार पर ही राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम का चयन किया जाएगा।



खिताबी भिड़ंत के लिए पूरी तरह तैयार हैं टीम : लक्ष्य

अंडर-19 का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच होगा

नई दिल्ली। अंडर 19 एशिया कप 2026 के फाइनल में अब भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी महामुकाबला तय हो गया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराया। भारतीय कप्तान लक्ष्य रायचंदानी अब मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली इस खिताबी भिड़ंत के लिए पूरी तरह तैयार हैं जहां टीम के पास 2025 के फाइनल में आयुष म्हात्रे की कप्तानी में मिली 191 रनों की शर्मनाक हार का बदला लेने का सुनहरा मौका होगा।

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने कहा, हां, यह एक शानदार फाइनल होने जा रहा है और हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान से मिले 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया और महज 36.5 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। ओपनिंग करने उतरे कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने खुद मोर्चे की अगुवाई की और 90 गेंदों में 13 चौकों व एक छक्के की मदद से 93 रनों की दमदार पारी खेली। उनके अलावा यूएई के खिलाफ 160 रन जड़ने वाले आर्यवीर सहवाग ने 51 रन बनाए, जबकि वीके विनीत 57 रन बनाकर नाबाद लौटे और टीम को जीत की दहलीज पार कराई।

महज 7 रनों से शतक चूकने पर लक्ष्य ने कहा, 'हां, शतक से चूकने की निराशा तो निश्चित रूप से है लेकिन टीम ने जीत हासिल कर ली और यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं बस खुलकर अपना स्वाभाविक खेल खेलने और परिस्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करने की कोशिश कर रहा था जो कारगर साबित हुआ।' गेंदबाजों की तारीफ करते हुए रायचंदानी ने कहा कि टॉस हारना उनके लिए अच्छा साबित हुआ क्योंकि टीम ने अपनी योजना पर निरंतरता बनाए रखी। उन्होंने आगे कहा, 'उन्होंने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की।

हम बीच के ओवरों में ऐसी ही कसी हुई गेंदबाजी की उम्मीद कर रहे थे और उन्होंने इसे बखूबी निभाया। मैच में आगे रहने के लिए हमें लंबे समय तक यही निरंतरता बनाए रखनी होगी।'

अंडर-19 एशिया कप के इतिहास पर नजर डालें तो भारतीय टीम सबसे सफल रही है जिसने रिकॉर्ड 8 बार यह खिताब अपने नाम किया है, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश 2-2 बार चैंपियन बने हैं। 2024 में बांग्लादेश और 2025 में पाकिस्तान से फाइनल हारने के बाद भारत के पास अब इस बार चैंपियन बनने और मौजूदा टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान से मिली इकलौती हार का हिसाब बराबर करने का बड़ा अवसर है।

लैरेनलाकपम अंबेकर मीतेई का ऐतिहासिक पंच

भारत ने यूथ ओलंपिक 2026 का पहला गोल्ड मेडल जीता



डकार। यूथ ओलंपिक 2026 में भारत के खाते में पहला गोल्ड मेडल आ गया है। यह गोल्ड बॉक्सिंग में लैरेनलाकपम अंबेकर मीतेई ने जीता है। सेनेगल के डकार में यूथ ओलंपिक गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। पुरुषों के 50 किग्रा बॉक्सिंग इवेंट में मणिपुर के मीतेई का सामना आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी से हुआ। भारतीय बॉक्सर को 3-2 से जीत मिली।

यूथ ओलंपिक की शुरुआत 2010 में हुई थी। अंबेडकर मीताई यूथ ओलंपिक में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले पहले बॉक्सर जबकि ओवरऑल तीसरे एथलीट हैं। 2018 में भारत को तीन गोल्ड मेडल मिले थे। वेटलिफ्टिंग में जेरेमी लालरिनुंगा ने गोल्ड जीता था। वहीं शूटिंग में मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने अपने-अपने कैटेगरी में गोल्ड पर कब्जा जमाया था।

यूथ ओलंपिक में बॉक्सिंग में यह भारत का दूसरा ही मेडल है। इससे पहले 2010 में भारत को बॉक्सिंग का पहला मेडल शिव थापा ने दिलाया था। उन्होंने 54 किग्रा कैटेगरी में सिल्वर अपने नाम किया था। इस यूथ ओलंपिक में का यह 9वां मेडल है। इससे पहले 3 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल आ चुके हैं।

क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में आसान जीत- पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में अभ्यास करने वाले अंबेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मणिपुर के अंबेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया। कड़े मुकाबले में उन्होंने आयरलैंड के मुक्केबाज को 3-2 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी टूर का स्वागत किया

इंदौर। मध्यप्रदेश खेल व युवा कल्याण विभाग (मप्र शासन) द्वारा 19 से 28 तक अंतर राष्ट्रीय स्पोर्ट्स काम्पलेक्स नाथू बरखेडा भोपाल में महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे भारत सहित एशिया के शीर्ष 6 महिला टीम जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड टीम भाग लेगी। हॉकी प्रतियोगिता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रदेश में हॉकी खेल के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विजेता टीम को दी जाने वाली ट्रॉफी का टूर के तहत कल अभय प्रशाल रेसकोर्स रोड इंदौर आगमन पर सांसद शंकर लालवानी, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व विधायक रमेश मेंदौला, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी जी, ओलंपियन मीररंजन नेगी,के मुख्य अतिथि में ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया गया।

छात्रों ने जीते रजत और कांस्य



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एकेडमी स्कूल के छात्र खिलाड़ियों तन्विश गौर, तेजस चौहान, दक्ष मानकेले एवं काश्वी तिवारी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार रजत और दो कांस्य पदक जीते।इन खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।

2 गेंद में 2 कैच छोड़े, पहले रोहित फिर ईशान किशन बने गुनाहगार

माउंट मनगनुई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में टीम इंडिया ने लगातार 2 गेंदों पर कैच छोड़ दिए। यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के दूसरे ओवर में हुई। आकिब नबी ने लगातार दो गेंदों में विल यंग के बल्ले का बाहरी किनारा हासिल किया। हालांकि, पहले रोहित शर्मा फिर ईशान किशन ने कैच छोड़ दिया और भारत को कोई विकेट नहीं मिला। इस सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में भारत ने जीत हासिल की थी। दोनों मुकाबलों में भारत की फील्डिंग शानदार रही थी। हालांकि, चौथे मैच में भारत की फील्डिंग बेहद खराब रही है। जब विल यंग को दो लगातार गेंदों पर जीवनदान मिले तब वह 5 रन के निजी स्कोर पर खेल रहे थे। हालांकि, उन्होंने जीवनदान मिलने के बाद अच्छे शॉट खेले और खबर लिखे जाने तक वह 10 रन के स्कोर पर खेल रहे थे।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की पुरुष कबड्डी टीम घोषित

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालयीन, इंदौर की पुरुष कबड्डी दल का चयन किया गया । उक्त टीम की घोषणा प्रभारी निर्देशिका डॉ. सुधीरा चंदेल ने की । यह दल डॉ. हरी सिंह गौर विश्विद्यालय, सागर द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीन कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। उक्त प्रतियोगिता 13 से 18 नवंबर तक आयोजित होगी । इस दल पर जमील खान, क्रीड़ा अधिकारी, चमेली देवी ग्रुप ऑफ इन्स्ट्रीटयूट, इन्दौर को प्रबंधक एवं डॉ.निलेश मण्डलोई, क्रीड़ा अधिकारी, महाराजा रणजीत सिंह महाविघालय, इन्दौर को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।

मुश्ताक अली टी-20 के मुकाबले कल से

इंदौर। बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर अपने बल्ले से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके खेल का रोमांच इंदौर में देखने को मिलेगा। महज 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से देशभर में पहचान बना चुके वैभव सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में बिहार के लिए खेलेंगे। खास बात ये है कि वो बिहार के कप्तान भी हैं। उनके खेल को देखने के लिए इंदौर के क्रिकेट प्रेमियों को टिकट खरीदने की भी जरूरत नहीं होगी। वो सभी मुकाबले फ्री में देख सकेंगे। बता दें कि इंदौर में 14 नवंबर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी शुरू होने जा रही है। इस बार शहर को टूर्नामेंट के 21 मुकाबलों की मेजबानी मिली है। ये मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम और डेली कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में वैभव सूर्यवंशी के अलावा भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी अपना दम दिखाते नजर आएंगे।

न्यूजीलैंड की तेज शुरुआत, 15 ओवर में 2 विकेट पर 100 रन

माउंट मनगनुई । भारतीय क्रिकेट टीम आज न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में आमने-सामने है। इस अहम मुकाबले में टीम इंडिया की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जिन्होंने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने आगामी रेड-बॉल क्रिकेट यानी टेस्ट सीरीज की तैयारियों को प्राथमिकता देते हुए चौथे वनडे की प्लेइंग इलेवन में तीन बड़े बदलाव किए हैं। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड टीम ने तेज शुरुआत करते हुए 15 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना लिए थे । टिम सिफर्ट ने 58 रनों की ताबडतोब पारी खेली । उन्होंने 48 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के लगाए । विल यंग (33) का साथ फाक्सक्राफ्ट दे रहे है । भारत के लिए गुरनुर बरार व अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट अब तक लिया है।

टीम इंडिया में तीन बड़े बदलाव- टीम इंडिया के नियमित कप्तान शुभमन गिल, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को वनडे स्क्वाड से रिलीज कर दिया गया है। ये तीनों खिलाड़ी अब आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुट गए हैं। इस बड़े फेरबदल के चलते जहां श्रेयस अय्यर को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं विकेटकीपिंग का जिम्मा भी नए सिरे से तय किया गया है।

इन खिलाड़ियों की टीम में एंट्री-गिल, राहुल और कंबोज के बाहर होने के बाद टीम में तीन शानदार खिलाड़ियों की वापसी हुई है। ओपनिंग बल्लेबाजी के मोर्चे पर रोहित शर्मा का साथ देने के लिए ऋतुराज गायकवाड़ को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है । वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन की प्लेइंग इलेवन में एंट्री हुई है जो मध्यक्रम को मजबूती देने के साथ-साथ दस्तानों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे है।

कुलदीप यादव की भी वापसी- गेंदबाजी विभाग में भी भारतीय टीम ने अपनी ताकत बढ़ाई है और चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई है। कुलदीप के आने से अक्षर पटेल के साथ स्पिन आक्रमण को नई धार मिलेगी। तेज गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह के हाथों में है जिनका साथ देने के लिए आकिब नबी और गुरनूर बरार मौजूद हैं जबकि बल्लेबाजी में विराट कोहली, कप्तान श्रेयस अय्यर और नमन धीर से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

मोहम्मद सिराज को फिर किया बाहर– इस बड़े फेरबदल के बीच सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक बार फिर प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं दिया गया है।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती फिर शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म

रुपए भी ऐंठे, शादी का दबाव डालने पर धमकाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर एक युवती को शादी का लालच देकर होटल में ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता से पैसे भी ऐंठे और जब उसने शादी व रुपयों की मांग की, तो उसे गालियां देकर धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

लसूड़िया थाना पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान विशाल पिता दिनेश (25) निवासी लिम्बोदा, तराना, जिला उज्जैन से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती बढ़ाकर पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का झांसा दिया। इसी झांसे में लेकर आरोपी उसे स्कीम नंबर 78 स्थित ग्रैंड शौर्य होटल के एक कमरे में ले गया, जहां उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके अलावा आरोपी ने पीड़िता से कुछ रुपए भी ले लिए थे। घटना के बाद जब पीड़िता ने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे और शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और पीड़िता को गालियां देने लगा। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लसूड़िया थाना पुलिस ने तुरंत प्रकरण दर्ज किया और आरोपी विशाल राठौर को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।





स्कूटर फिसला, घायल हुआ मासूम निगम की लापरवाही आई सामने

इंदौर। सिटी ब्लास्ट। मालवा मिल चौराहा के समीप यशवंत निवास रोड पर स्पीड ब्रेकर, ऊंची नीची सड़क के कारण परिजन के साथ स्कूटर पर जा रहा मासूम घायल हो गया। बताया जा रहा है कि स्कूटर फिसल गया था, जिसके कारण छोटी भमोरी निवासी मासूम बालक संघमित्र दुबे गिरकर घायल हो गया। ट्रैफिक प्रहरी अरुण घोलप ने मासूम को प्राथमिक उपचार दिया। इधर, सड़क के ऊंचे नीचे होने और अनियमित डामरीकरण के कारण निगम की लापरवाही सामने आई है।

99 हजार की पड़ी बुजुर्ग महिला को शकर

जेप्टो से मंगाई थी, हो गई ठगी, कस्टमर केयर का ऑनलाइन नंबर खोजना पड़ा महंगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑनलाइन ग्रॉसरी ऐप से सामान मंगाने के बाद शिकायत करना एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को भारी पड़ गया। ठगों ने गूगल से फर्जी कस्टमर केयर नंबर निकालकर महिला को व्हाट्सऐप कॉल पर 34 मिनट तक उलझाए रखा और उनके बैंक खाते से 99,000 रुपये पार कर दिए। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात फिल्म कॉलोनी निवासी अरुणा पति अरुण व्यास (80) के साथ हुई। उन्होंने बुधवार को जेप्टो ऐप के जरिए 5 किलो शकर मंगाई थी। डिलीवरी के दौरान कीमत को लेकर असंतोष होने पर उन्होंने ऐप के जरिए शिकायत करने का प्रयास किया और इसके लिए गूगल पर जेप्टो का कस्टमर केयर नंबर तलाशा। पीड़िता ने गूगल से मिले नंबर पर सुबह करीब 9:18 बजे कॉल किया, जहां से उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया गया। इसके कुछ ही देर बाद एक अन्य नंबर से और फिर सुबह 9:20 बजे व्हाट्सऐप कॉल के जरिए कथित कस्टमर केयर प्रतिनिधि ने उनसे संपर्क किया। ठग ने बुजुर्ग महिला को झांसा दिया कि उनके पैसे वापस रिफंड आ गए हैं और मोबाइल पर इसकी जांच करने को कहा।

जब खाते में पैसे नहीं आए, तो महिला ने दोबारा संपर्क किया। इस दौरान शातिर ठग ने उन्हें करीब 34 मिनट तक फोन पर बातों में उलझाए रखा और उनके मोबाइल पर अलग-अलग बटन दबवाए। कॉल कटने के बाद महिला का फोन हैंग हो गया और करीब एक घंटे बाद जब मोबाइल दोबारा चालू हुआ, तो उनके बैंक खाते से कुल 99,000 रुपये कटने के मैसेज मिले। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने छोटी ग्वालटोली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

प्रोटीन सप्लीमेंट के नाम पर हुई ऑनलाइन ठगी में जिम ट्रेनर को रिफंड करवाए 15,800 रुपये

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में इंदौर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को उसकी पूरी रकम वापस दिलाई है। सोशल मीडिया पर फिटनेस प्रोटीन सप्लीमेंट खरीदने के नाम पर ठगी का शिकार हुए एक जिम ट्रेनर के खाते में 15,800 रुपये की संपूर्ण राशि सकुशल वापस लौटाई गई है। पुलिस के अनुसार, जिम ट्रेनर ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर एक अज्ञात व्यक्ति से प्रोटीन सप्लीमेंट खरीदने के लिए संपर्क किया था। ठग ने सप्लीमेंट भेजने के एवज में 15,800 की राशि बताकर भुगतान के लिए एक क्यूआर कोड भेजा था। आवेदक ने उस क्यूआर कोड के जरिए पूरी राशि ट्रांसफर कर दी, लेकिन भुगतान मिलने के बाद ठग ने न तो सामान भेजा और न ही फोन कॉल या मैसेज का कोई जवाब दिया। खुद के साथ ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तकनीकी कार्रवाई की और संबंधित बैंक से संपर्क कर ठग का खाता फ्रीजकरवा दिया। पुलिस के इस प्रभावी प्रयासों के चलते पीड़ित आवेदक के बैंक खाते में 15,800 रुपये की पूरी राशि सकुशल वापस आ गई है।

पटाखा फोड़ने पर शुरू हुआ विवाद

बदमाशों ने बुलेट पर फेंके पत्थर, दी जान से मारने की धमकी

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पटाखे फोड़ने की मामूली बात को लेकर हुड़दंग मचाने और विरोध करने पर एक युवक की बुलेट मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत परआरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सत्यदेव नगर की है। फरियादी आकाश पिता श्याम सिसोदिया, निवासी सत्यदेव नगर, द्वारकापुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अभय उर्फ आबुनाथ निवासी सूर्यदेव नगर अपने अन्य साथियों के साथ वहाँ पहुँचा था। पटाखे फोड़ने की बात को लेकर उपजे विवाद के दौरान आरोपियों ने आकाश को गालियां दीं। जब उसने विरोध किया, तो बदमाशों ने उसकी बुलेट मोटरसाइकिल पर पत्थर फेंककर जमकर तोड़फोड़ की, जिससे वाहन में काफी नुकसान हुआ। इसके साथ ही आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

साइबर फ्रॉड करने वाली महिला पर प्रकरण

बैंक खाते का उपयोग कर की थी मल्टी स्टेट साइबर ठगी, कई राज्यों से जुड़े हैं तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सराफा थाना क्षेत्र में विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामलों से जुड़े एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक की राजवाड़ा शाखा में संचालित एक संदिग्ध बैंक खाते के जरिए संगठित रूप से साइबर फ्रॉड को अंजाम देने वाली महिला आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिसके खाते के तार देश के कई राज्यों में हुई ठगी की वारदातों से जुड़े पाए गए हैं। एसीपी यश बिजौरिया ने बताया कि यह कार्रवाई आईसीआईसीआई बैंक की राजवाड़ा ब्रांच में स्थित एक बैंक खाते की तकनीकी जांच के बाद की गई। जांच में सामने आया कि यह खाता मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड के तहत विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर अपराधों में मुख्य रूप से प्रयुक्त किया गया है। देश के अलग-अलग राज्यों में दर्ज ऑनलाइन ठगी की शिकायतों के डिजिटल सबूत और वित्तीय ट्रेल इसी खाते से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस की प्राथमिक विवेचना में यह प्रथम दृष्टया स्पष्ट हुआ है कि खाताधारक दिव्या पिता संजू नागोरे, निवासी गाडरा खेड़ी और उसके अन्य साथियों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत संगठित होकर इस बैंक खाते का अवैध इस्तेमाल किया। आरोपियों ने धोखाधड़ी की रकम को इस खाते में मंगाकर अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त किया है। सराफा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी दिव्या नागोरे के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस अंतरराष्ट्रीय और अंतर-राज्यीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।



सीमा सुरक्षा बल के नव आरक्षकों ने की शपथ परेड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सीमा सुरक्षा बल के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में नव आरक्षक ट्रेडमैन बैच संख्या 211 के कुल 125 नव आरक्षकों की शपथ परेड का आयोजन आज सुबह बीएसएफ केन्द्र बिजासन क्षेत्र में किया गया। परेड के अतिथि तेजिंदरपाल सिंह सिद्धू थे। राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष सभी नव आरक्षकों को देश के संविधान के प्रति एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। शपथ परेड के उपरान्त नव आरक्षकों द्वारा ओयिलट्टम तमिलनाडु लोक नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर अजय श्रीवास, नव आरक्षक कार्तिकेय, पवित्र मंडल, मोनू कुमार, अखिलेश पाल, सरवन कुमार एस. को सम्मानित भी किया गया।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com